


दिल्ली-मुंबई सहित चार शहरों की उड़ान में कटौती

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

विमानतल प्रबंधन का दावा- बुधवार को 28 फ्लाइट का संचालन

# आठ दिनों में 111 बार फ्लाइटों का मूवमेंट बिगड़ा 27 फीसदी यात्री कम हुए, फिलहाल हालात सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

विमानों के रद्द होने की वजह से पिछले सप्ताह स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर यात्रियो की संख्या 27 फीसदी तक कम हो गई। बुधवार को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता की एक-एक फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। काफी समय बाद विमानतल प्रबंधन ने इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए 28 फ्लाइट के संचालन के साथ व्यवस्था सामान्य होने का दावा किया। प्रभावित आठ दिनों में रायपुर एयरपोर्ट में 111 बार विमानों का मूवमेंट नहीं होने से यात्री हलाकान रहे। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर केके लहरे ने दावा किया है कि रायपुर से विमानों का संचालन समान्य हो गया है। जिन फ्लाइट को पूर्व नियोजित तरीके से रद्द किया जा रहा है, उनके यात्रियों को इसकी सूचना देने के साथ कंपनी द्वारा पूर्ण रिफंड किया जा रहा है। आठ दिनों तक यात्रियों के परेशान रहने के बाद अब जाकर प्रबंधन द्वारा वहां अतिरिक्त हेल्प काउंटर बनाया गया है और मूलभूत सुविधाओं के साथ यात्रियों की सहाता के लिए टीम गठित की गई है। बुधवार को रायपुर से 28 बार विमानों के मूवमेंट का दावा किया गया, मगर कोलकाता की सुबह 7.55, मुंबई की शाम 5.35 तथा दिल्ली की ▶▶ शेष पेज 13 पर



### यात्रियों से मिलने पहुंचे अफसर

*विमानों के कैंसिल होने की वजह से हलाकान यात्रियों से व्यवस्था सामान्य होने के बाद अफसर मिलने पहुंचे। एयरपोर्ट डायरेक्टर, डिप्टी कमांडेट सीआईएसएफ, इंडिगो के अफसर टर्मिनल के भीतर यात्रियों से मिलकर उनकी प्रतिक्रिया लेने के साथ आवश्यकता के अनुसार उनकी मदद करते रहे। इस दौरान यात्रियों को उनकी ओर से पानी बोतल एवं बच्चों को चाकलेट वितरित किया गया। व्यवस्था बाधित होने के दौरान जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते रहे।*

### छह उड़ान एयर इंडिया की

*स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट और देश के विभिन्न शहरों के बीच प्रतिदिन औसतन 60 बार विमानों का आना जाना होता है। इसमें एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट तीन बार आती और तीन बार जाती है। शेष 54 ऑपरेशन इंडिगो के एयरक्राफ्ट का होता है। यानी रायपुर से सर्वाधिक फ्लाइट इंडिगो की संचालित होती है। दिल्ली को छोड़कर तीनों महानगरों सहित 14 शहरों से रायपुर की एयर कनेक्टिविटी इसी एयरलाइंस के माध्यम से होती है। रायपुर में इस विमानन कंपनी की ही पहली फ्लाइट आती है और अंतिम उड़ान भी भरती है।*

200 पन्नों के पूरक चालान में सामने आ रहे तथ्य, ईओडब्लू ने जांच में किए हैं कई खुलासे

# मिलिंग घोटाले की अहम कड़ी चावड़ा, इसने दस-दस करोड़ की कई खेप की थी इधर-उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कस्टम मिलिंग घोटाले में शामिल दिपेन चावड़ा पैसे लेकर उसे पहुंचाने का काम करता था। ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा हुआ है कि दिपेन राजधानी रायपुर में एक बैग में पैसा कलेक्ट करता था और फिर लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल के बताए पते पर जाकर उसे पहुंचाता था। प्रति बैग एवं काटून में एक करोड़ रुपए होते थे। इस तरह वह कभी 6 से 7 बैग-काटून तो कभी 10-10 काटून-बैग कलेक्ट कर उसे पहुंचाता था। ईओडब्ल्यू ने अपनी जांच में यह भी खुलासा किया है कि दिपेन को इस काम के लिए शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर ने आईफोन दे रखा था। इस फोन के माध्यम से ही दिपेन को पैसा कहां से कलेक्ट करना है और कहां पहुंचाना है, इसकी जानकारी दी जाती थी। ▶▶ शेष पेज 13 पर




### 20 करोड़ रुपए यहां भी पहुंचाया

दिपेन ने कस्टम मिलिंग की अवैध कमाई के लगभग 20 करोड़ रुपए इंडियन चिली स्क्वेयर गली शंकर नगर एवं वेलिंगटन कोर्ट पार्किंग के पास भी पहुंचाए हैं इसके अलावा 9 से 10 बार उसने शंकरनगर स्थित राजीव भवन में भी पप्पू बंसल को ले जाकर पैसे दिए हैं।

### रायपुर के कई इलाकों के साथ भिलाई-दुर्ग तक पहुंचाए पैसे

कोर्ट में पेश चालान में बताया गया है कि ईओडब्ल्यू की जांच में दिपेन ने स्वीकार किया है कि उसे कस्टम मिलिंग की अवैध वसूली के पैसों को काटून-बैग में भरकर दिया जाता था। पैसों से भरे काटून-बैग को कहां से कलेक्ट करना है और कहां पहुंचाना हैए इसकी जानकारी पप्पू बंसल उसे फोन पर देता था। दिपेन पैसे कलेक्ट करने के बाद रायपुर में कई इलाकों से लेकर भिलाई दुर्ग तक पहुंचाने गया है।

### नेहरू नगर चौक ब्रिज भिलाई-न्यू खुर्सीपार में कई बार 10-10 करोड़ रुपए पहुंचाए

*ईओडब्ल्यूडी ने अपनी जार्चशीट में यह भी खुलासा किया है कि दिपेन ने नेहरू नगर चौक ब्रिज भिलाई और न्यू खुर्सीपार स्थित मंगल भवन के पास कई बार 10-10 करोड़ रुपए पहुंचाए हैं। सभी पैसे काटून-बैग में भरे हुए थे। इसी प्रकार दिपेन ने राजधानी रायपुर में भी आधा दर्जन से अधिक इलाकों में पैसे पहुंचाए हैं। इनमें 5 से 6 बार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रोड पर 10-10 करोड़ रुपए कई बार पहुंचाए हैं। इसके अलावा 2-3 बार सुयश हॉस्पिटल कोटा रोड के पास भी 10-10 काटून-बैग पैसा छोड़ा है।*

### पैसे छोड़ने के पूर्व फेसटाइम में संपर्क, चरौदा में बदलता था गाड़ी

*ईओडब्ल्यू ने जांच में यह भी खुलासा किया है कि दिपेन पैसे छोड़ने से पूर्व पप्पू बंसल से फेसटाइम में संपर्क करता था। संपर्क करने के बाद विकास उर्फ सुब्बू अग्रवाल का आदमी सोहन वर्मा एक गाड़ी में पैसे लेकर आता था और फिर वह चरौदा तक सोहन वर्मा की गाड़ी के पीछे जाता था। चरौदा पहुंचने के बाद वह मोहन के साथ गाड़ी बदल लेता था। इसके बाद आगे का सफर वह अकेले करता और गंतव्य स्थान पर पैसे पहुंचाता था। इस तरह पैसे पहुंचाने के दौरान सावधानी भी बरती जाती थी।*

# 100 करोड़ अटक गए, मरम्मत तक नहीं करवा पा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डों में वार्ड पार्षदों द्वारा जनता की मांग के अनुरूप रोड, नाली, पुलिया सामुदायिक भवन निर्माण के सैकड़ों प्रस्ताव शासन स्तर पर राशि नहीं मिलने से डंप पड़े हैं। अधोसंरचना मद में राज्य शासन से नगर निगम को 100 करोड़ की राशि मिलनी है, पर महीनों इंतजार के बाद यह राशि नहीं मिल पाई है। इसके कारण वार्ड विकास से जुड़े कार्य इससे प्रभावित हो रहे हैं, वहीं जनता द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देने में संबंधित वार्ड पार्षदों को परेशानी हो रही है।

### केस 1
### प्रस्ताव जोन में डंप 4 माह से इंतजार

वामनराव लाखे वार्ड के मलसाय तालाब सौंदर्यीकरण, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3 में जलभराव से बचाव के लिए आरसीसी नाला मरम्मत, निर्माण और कवर करने का प्रस्ताव जोन 5 को भेजा गया, जो 4 माह से लंबित है। पार्षद बब्बी सोनकर ने बताया कि रामजानकी भवन परिसर में अतिरिक्त भवन निर्माण, बाउंड्रीवाल बनाने का कार्य, गार्डन निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य, छुइहा तालाब के पास आरसीसी नाला निर्माण, हमर क्लिनीक कुशालपुर बाजार चौक के पास बाउंड्रीवाल निर्माण और अन्य मरम्मत कार्य फंड के अभाव अटके पड़े हैं।

### शासन को लिखा है पत्र, राशि आ रही है

अधोसंरचना मद सहित अन्य मद में नगर निगम को राज्य शासन से राशि मिलनी है, इसके लिए हमने पत्र लिखा है। आवश्यकता अनुसार राशि आ रही है। कुशालपुर नाले के लिए 5.50 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। यह एक बड़ा काम है।

**-विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### केस 2
### 50 लाख का मंगाया प्रस्ताव, मंजूरी लंबित

अधोसंरचना मद में वार्ड विकास से जुड़े 50 लाख रुपए तक के प्रस्ताव मंगाए गए। संत रामदास वार्ड के भरतनगर, भवानी नगर, कृष्णानगर बस्ती में जलभराव रोकने बड़ी नाली बनाने का प्रस्ताव वार्ड पार्षद भोलाराम साहू द्वारा जोन 7 के माध्यम से भेजा गया। पर जनहित के प्रस्तावों के लिए राशि की मंजूरी लंबित है।

### केस 3
### रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन का प्रस्ताव अटका

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुरशास्त्री वार्ड से 9 माह पहले जोरा, लभांडी में नाली निर्माण, सड़क निर्माण, महिला भवन निर्माण के प्रस्ताव बनाकर जोन कार्यालय को भेजा गया। न सड़क बनाने की मंजूरी मिली, न निकास नाली निर्माण के लिए राशि आई। लोगों की मांग के अनुरूप सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव भी जोन दफ्तर में धूल खाते पड़ा है। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू का कहना है कि वार्ड की जनता हमसे सवाल कर रही है कि काम कब शुरू होगा? जोन दफ्तर वाले से पूछने पर जवाब मिलता है कि शासन स्तर पर राशि नहीं भेजी गई।

### केस 4
### रोड, नाली, पुलिया के काम अटके, बोर हाउस की मरम्मत नहीं हो रही

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण और मरम्मत का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इसी तरह रविनगर गार्डन का सौंदर्यीकरण, बोर हाउस की मरम्मत का काम अटका पड़ा है। वार्ड पार्षद एवं नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि अधोसंरचना मद की राशि शासन ने नगर निगम को अब तक नही दी है। 100 करोड़ रुपए निगम को राज्य शासन से इस मद में मिलनी है। जोनों को यह राशि रिलीज नहीं होने से वार्डो के विकास संबंधी कार्य शुरू नहीं हो पा रहे। मेरे वार्ड के करीबन 31 लाख रुपए का प्रस्ताव महीनों से लंबित है। इससे पूरे शहर भर में जनहित से जुड़े कार्य प्रभावित हुए हैं।

# संविदा चिकित्सकों की अनदेखी... एसोसिएट प्रोफेसर ने दिया इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग में सालों तक सेवा देने वाले संविदा चिकित्सा शिक्षकों की विभाग अभी भी अनदेखी कर रहा है। भविष्य सुरक्षित नहीं होने की वजह से लगातार मेडिकल कालेजों के शिक्षक पलायन कर रहे हैं। शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर ने कुछ ऐसी ही ▶▶ शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य सेवा में बड़ा योगदान

कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कमलेश जैन कार्यकारी प्राध्यापक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 20 साल तक स्वास्थ्य संचालनालय को अपनी अतिरिक्त सेवा प्रदान की है। कोविड महामारी के नियंत्रण अभियान में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में लंबे समय तक कार्य किया है। स्वास्थ्य संचालनालय से मुक्त होने के बाद वे मेडिकल कालेज में अध्यापन कार्य पूरा कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा के साथ उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं का भी काफी लंबा अनुभव रहा है।

### रिक्त पड़े हैं 1123 पद

राज्य में दस शासकीय मेडिकल कालेज कार्यरत है जिनमें चिकित्सा शिक्षकों के 54 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इन कालेजों में स्वीकृत पदों की संख्या 2058 है जिसमें से 1123 पद रिक्त हैं। कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों में 538 नियमित और 397 संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं। संविदा शिक्षकों को नियमित किए जाने से अन्य राज्यों की भांति यहां भी शिक्षकों और विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी दूर हो जाएगी और उनके नौकरी छोड़कर जाने का सिलसिला भी थम जाएगा।

# हर उत्तर के लिए जगह तय, कहीं और लिखा तो कटेंगे अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दसवीं कक्षा में छात्रों के लिए नए नियम, स्कूलों को दिए गए निर्देश

फरवरी माह में प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए नए नियम जारी किए गए हैं। दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए कुछ नय नियम बनाए गए हैं। स्कूलों को इस संदर्भ में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही उन्हें कहा गया है कि वे छात्रों को इस नियम के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध कराएं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ये निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि साल 2026 की बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को इन सख्त निर्देशों का पालन करना बहुत जरूरी है। ये निर्देश साइंस और सोशल साइंस विषयों एग्जाम के लिए दिए गए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब स्टूडेंट्स को साइंस और सोशल साइंस के पेपर अलग-अलग सेक्शन में सॉल्व करना होगा और इसके जवाब भी दिए गए सेक्शन के अंदर ही देना होगा। बोर्ड ने इससे जुड़ी डिटेल्स जारी कर दी है।

### चार हिस्सों में विभाजित किया गया सामाजिक विज्ञान

इससे जुड़ी सारी जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट से जाकर ले सकते हैं। परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 मार्च तक चलेंगी। बोर्ड का कहना है कि इस बदलाव से कॉपियों का इवैल्यूएशन अच्छी तरह से होगा। साइंस के पेपर को तीन सेक्शन में बांटा गया है। इसमें पहला- बायोलॉजी, दूसरा- कैमिस्ट्री और तीसरा- फिजिक्स है। इसी तरह से सोशल साइंस के पेपर को चार सेक्शन में ▶▶ शेष पेज 13 पर

13 को हावड़ा लौटेगी, रायपुर में स्टापेज

# नियमित गाड़ियों पर यात्रियों का लोड कम करने हावड़ा-मुंबई के बीच स्पेशल ट्रेन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नियमित ट्रेनों में बढ़ रहे यात्रियों के दबाव को कम करने और सफर के दौरान कन्फर्म टिकट उपलब्ध कराने रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी दौर में हावड़ा से सीएसएमटी (मुंबई) के बीच दो फेरों की विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। गुरुवार को यह ट्रेन मुंबई रवाना होगी और 13 दिसंबर यानी शनिवार को लौटेगी। इस ट्रेन को बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग में स्टापेज दिया गया है।

विंटर सीजन में ट्रेनों में सफर करने वालों की संख्या भी काफी बढ़ गई है। लंबी दूरी की नियमित ट्रेनों में नो रूम जैसी स्थिति बन चुकी है और कइयों की वेटिंग काफी लंबी जा चुकी है। यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन विभिन्न क्षेत्रों में विंटर स्पेशल के साथ अल्पकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। पिछले दिनों विमानों की आवाजाही प्रभावित होने की वजह ▶▶ शेष पेज 13 पर



# मुख्यमंत्री ने जयस्तंभ चौक पर किया शहीद वीर नारायण के त्याग और संघर्ष का स्मरण

## वह छत्तीसगढ़ की गौरवमयी विरासत का स्वर्णिम अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जननायक अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा, शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन त्याग, साहस और न्याय की अनुपम मिसाल है। अंग्रेजी शासन के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शहीद वीर नारायण सिंह ने जिस अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया याद। वह छत्तीसगढ़ की गौरवमयी विरासत का स्वर्णिम अध्याय है। मातृभूमि की रक्षा और समाज के वंचित वर्गों के प्रति उनकी निष्ठा हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी। उन्होंने कहा, सोनाखान के जमींदार परिवार में जन्म लेने के बाद भी शहीद वीर नारायण सिंह का हृदय सदैव आदिवासियों, किसानों और गरीब परिवारों के दुःख-संघर्ष से जुड़ा रहा। वर्ष 1856 के विकट अकाल में जब आमजन भूख से



व्याकुल थे, तब उन्होंने मानवता को सर्वोपरि मानते हुए अनाज गोदाम का अनाज ज़रूरतमंदों में बांटकर करुणा, त्याग और साहस का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कदम केवल विद्रोह नहीं था, बल्कि सामाजिक अन्याय, शोषण और असमानताओं के विरुद्ध एक ऐतिहासिक उद्घोष था।

### सरकार उनके आदर्शों पर कार्य कर रही

मुख्यमंत्री ने कहा, शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और जनप्रतिरोध की जीवंत प्रेरणा हैं। गरीबों, किसानों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका जीवन-संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को सदैव न्याय, मानवता और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्शों और उनके सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरन्दर मिश्रा, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शहीद वीर नारायण सिंह का मनाया शहादत दिवस, 168 दीप प्रज्ज्वलित कर दी श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ का गौरव पुरुष एवं राष्ट्रीय स्तर में अग्रणी शहीद वीर नारायण सिंह की 168वीं शहादत दिवस पर 10 दिसंबर को शहादत स्थल जय स्तंभ चौक राजधानी रायपुर में स्थित



प्रतिमा स्थल पर शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता और महिलाओं द्वारा 168 दीप प्रज्वलित कर अपने पुरखा शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण सेनानी जागेश्वर प्रसाद ने बताया कि वीर सपूत को सम्मान नहीं मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा जयस्तंभ पर शहीद अमर जवान ज्योति बुधवार को समाज, देश को प्रकाश कर विकास के नाम पर समर्पित किया। यह छत्तीसगढ़ का एक ऐतिहासिक पल का 168 वर्ष से इंतजार था जो आज पूरा हुआ। शहीद अमर जवान ज्योति की सुरक्षा प्रभारी शिवनारायण ताम्रकार, अंकित साहू, श्यामू राम सेन दिन में एवं रात्रि में साजिद भाई को सौंपी गई है, ज्योति के लिए अंकित साहू, श्यामूराम सेन प्रभारी बनाए गए हैं, सभी का सुपरविजन राज्य आंदोलनकारी छसपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक अनिल दुबे, दीनदयाल वर्मा, चेतन देवांगन, छन्नू साहू एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रमुख ललित बघेल एवं तुकाराम साहू आदि कार्यक्रम को संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### वार्डों में चल रहे एसआईआर को गंभीरता से लें कांग्रेसी

रायपुर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन की उपस्थिति में शहर कांग्रेस कमेटी के पार्षद, छाया पार्षद, पूर्व पार्षद की एक महत्वपूर्ण बैठक आज कांग्रेस भवन में आयोजित



की गई। बैठक में 14 दिसम्बर को दिल्ली में एसआईआर को लेकर होने वाले बड़े प्रदर्शन में शहर कांग्रेस की सहभागिता, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा दिल्ली पहुंचने की रूपरेखा पर विचार किया गया। सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया।

### निर्दोष आदिवासियों के बारे में कब करेंगे फैसलाः कांग्रेस

रायपुर। मंत्रिमंडल द्वारा समर्पित नक्सलियों के आपराधिक प्रकरण वापस फैसले लेने की और उसकी समीक्षा का फैसला बेहद ही दुर्भाग्यजनक है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील



आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार बताये जो झीरम कांड में शामिल थे, जो ताड़मेटला, रानीबोदली, एडसमेटा जैसे नरसंहार में शामिल थे, जो सैकड़ों हजारों नरसंहार में शामिल थे, क्या उनका भी आपराधिक प्रकरण सरकार वापस लेगी। उन्होंने कहा, सरकार की अपनी नक्सल नीति है। मुख्यधारा में लाने के लिए, सरकार उनके पुनर्वास के बारे में फैसला करे, लेकिन गंभीर आपराधिक घटना में शामिल नक्सली और सामान्य घटना में बंद जिसके खिलाफ चार्जशीट तक नहीं दाखिल कर पाये उनके बारे में सरकार अपना मत स्पष्ट करे। सरकार बताये उनको छोड़ने के लिये क्या किया जा रहा है? जो निर्दोष हैं किसी घटना और हत्या में शामिल नहीं थे।

## मुख्यमंत्री ने नई बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# बस्तर और सरगुजा संभाग के 10 जिलों के 23 मार्गों पर 24 नई बस, जुड़े 180 गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का दूसरा चरण बस्तर सरगुजा क्षेत्र के लोगों के लिए मददगार साबित होने वाला है। दूसरे चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग के 10 जिलों के 23 मार्गों पर 24 नई बसों का संचालन प्रारंभ हुआ है, जिससे 180 गांव सीधे बस सुविधा से जुड़ गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से योजना के दूसरे चरण का औपचारिक शुभारंभ किया तथा वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शामिल अनेक ग्रामीण उसी बस में सवार होकर पहुंचे, जिसे योजना के प्रथम चरण में प्रारंभ किया गया था। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से आत्मीय चर्चा करते हुए बताया कि अब दूरस्थ इलाकों से ब्लॉक मुख्यालयों तक पहुंचना पहले की तुलना में काफी सहज और सुगम हो गया है। सुकमा–



■ जहां नहीं थी कोई भी सुविधा वहां पहुंची है बस

दोरनापाल–कोंटा मार्ग से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि वे लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा बस से कर कार्यक्रम तक पहुंचे, जबकि पूर्व में यह यात्रा बेहद कठिन और समयसाध्य थी।

### मील का पत्थर साबित होगी योजना : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि छत्तीसगढ़ का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अलग न रहे। यह योजना न केवल परिवहन सुविधा बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीणों को शहरों और सेवा संस्थानों से जोड़ते हुए सामाजिक एवं आर्थिक समानता को भी मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह योजना एक मील का पत्थर सिद्ध हो रही है, जिससे लोगों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने योजना से लाभान्वित होने वाले 180 गांवों के सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेहतर यातायात सुविधाएं अब उनके जीवन को पहले से अधिक सुगम बनाएंगी और तरक्की के नए मार्ग खोलेंगी।

### जहां कभी नहीं थी सुविधा वहां पहुंची बस : केदार

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि जिन दुर्गम और वनांचल क्षेत्रों तक कभी यातायात की सुविधा नहीं पहुंची थी, वहां भी अब बस सेवाएं प्रारंभ हो रही हैं। यह योजना विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा के जनजातीय बहुल इलाकों के लिए एक वरदान के रूप में उभर रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत 4 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई थी, जिसके अंतर्गत 250 गांवों को बस सेवाओं से जोड़ा गया था। अब द्वितीय चरण की शुरुआत के साथ इस संख्या में और वृद्धि हुई है तथा 180 गांव और जुड़ गए हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व खेल मंत्री राजवाड़े को देखने इट्सा अस्पताल पहुंचे विस अध्यक्ष और सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। राजधानी स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स मंगलवार को उस समय राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया, जब यहां भर्ती पूर्व खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का हालचाल जानने के लिए छत्तीसगढ़ के कई शीर्ष नेता पहुंचे। नेताओं ने न केवल उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, बल्कि अस्पताल की अत्याधुनिक सुविधाओं, स्वच्छता, प्रबंधन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की। सबसे पहले छग विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने श्री राजवाड़े से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अस्पताल के विभिन्न विभागों का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा, उन्नत मशीनरी, प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम और मरीज-केन्द्रित सेवाओं को "रायपुर के श्रेष्ठतम स्तर" का बताया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश पांडेय ने संयुक्त रूप से इट्सा हॉस्पिटल्स का निरीक्षण किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने मल्टिस्पेशियलिटी विंग, एडवांस्ड फिजियोथैरेपी एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर, क्रिटिकल केयर यूनिट और डायग्नोस्टिक सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल की तकनीक, स्वच्छता और सुव्यवस्थित प्रबंधन राजधानी ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल है।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल शीतकालीन सत्र के लिए बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। सत्र के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष ने कमर कस ली है। जहां सरकार कई अहम प्रस्तावों को सदन में पारित कराने के लिए रखेगी, वहीं विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है। कांग्रेस भी शीतकालीन सत्र की तैयारियों में जुट गई है। सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक 12 दिसंबर को शाम 4 बजे बुलाई गई है। भाजपा विधायक दल की बैठक की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन रविवार शाम को होने की संभावना है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में होने वाली बैठक की अध्यक्षता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत करेंगे। बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। बैठक के माध्यम से कांग्रेस सदन में सत्ता पक्ष को कई मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाएगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 से 17 दिसंबर तक चलेगा। शीतकालीन सत्र नई विधानसभा भवन में आयोजित किया जाएगा। सत्र के दौरान कांग्रेस बिजली दर, जमीन गाइड लाइन, धान खरीदी सहित कई मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रही है।

### 15 को पेश होगा अनुपूरक बजट

*सत्र के पहले दिन राज्य सरकार की दीर्घकालीन विकास रणनीति 'छत्तीसगढ़ विजन 2047' पर चर्चा होगी। 25 सालों में ये पहला मौका है, जब विधानसभा का सत्र रविवार को शुरू हो रहा है। शीतकालीन सत्र के लिए विधायकों ने 628 प्रश्न लगाए हैं, जिसमें 333 तारांकित और 295 अतारांकित प्रश्न हैं। सत्र के दूसरे दिन यानी 15 दिसंबर को वित्त मंत्री ओपी चौधरी अनुपूरक बजट पेश करेंगे।*

## हवाई यात्रा की कठिनाइयों पर विधायक सोनी ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात




■ पत्र लिखकर दिया– एयर इंडिया, अताषा, स्पाइस जेट एयरवेज का संचालन हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने बुधवार को केन्द्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से हवाईयात्रा में हो रही कठिनाइयों तथा नई सुविधाओं के विस्तार को लेकर नई दिल्ली में मुलाकात कर पत्र सौंपा। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश से संचालित हवाई यात्रा की सुविधा में प्रदेशवासियों को केवल इंडिगो पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। अन्य कंपनियों की फ्लाइट संचालन की मांग उठाई।

प्रदेश में संचालित फ्लाइट में इंडिगो का संचालन लगभग 95 प्रतिशत है और वर्तमान में इंडिगो की फ्लाइट अत्यधिक मात्रा में रद्द हो रही है। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ से अन्य प्रदेशों एवं अन्य देशों में जाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिस्पर्धा नहीं होने के कारण इंडिगो के फ्लाइट फेयर आसमान छू रहे हैं। प्रदेश में एयर इंडिया की केवल 2 फ्लाइट दिल्ली के लिए संचालित है। छत्तीसगढ़ से दिल्ली के लिए 8, मुंबई 3, कलकत्ता 3, इंदौर 2, भोपाल 1, बेंगलुरु 2, गोवा 2, अहमदाबाद 1, चेन्नई 1, पुणे 1, एवं हैदराबाद के लिए 3 फ्लाइट संचालित हो रही हैं, जो प्रतिदिन फुल रहती हैं। यदि फ्लााइट रद्द होती है, तो यात्री के पास अन्य दूसरा कोई विकल्प नहीं होता। अतः छत्तीसगढ़ प्रदेश में एयर इंडिया, अताषा, स्पाइस जेट इत्यादि की अन्य फ्लाइट का संचालन होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि फ्लाइट फेयर की प्रतिस्पर्धा/विकल्प होने से फेयर भी निश्चित रूप से कम होंगे।



श्रद्धांजलि सभा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्री सुभाष धुप्पड़ जी**
का दुःखद देहावसान सोमवार दिनांक 08 दिसंबर 2025 को हो गया है।
विधि का विधान अटल है और इसके समक्ष हम सभी नतमस्तक है

ब्रम्हलीन आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा, पगड़ी रस्म
गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 को शाम 4 बजे रखी गई है।

◆ शोक-संतप्त ◆
तमन्ना धुप्पड़ (पुत्री)
श्रीराम-स्वर्णलता धुप्पड़ (भाई-भाभी)

स्थान
श्री रामनाथ भीमसेन सभा भवन
समता कॉलोनी रायपुर

◆ शोकाकुल ◆
मनीष - कोमल धुप्पड़
सुनील - शैलजा धुप्पड़
गौरव - रचना धुप्पड़
राजकुमार - रेणु दुआ
अश्विन - नीरू मग्गू

◆ फर्म ◆
छत्तीसगढ़ ऑटो केयर, जी.ई. रोड रायपुर
राजधानी ऑटो केयर, तेलीबांधा रायपुर
छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेड प्रा.लि., उरला रायपुर

Khanna

◆ बीमार एवं घायल गायों की सेवा हेतु तत्पर बढ़ते कदम गौशाला - बढ़ते कदम ◆

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 06 (खमतराई) तहसील व जिला रायपुर

**बटांकन/ सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 09.12.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मजहर हुसैन पिता अनवर हुसैन निवासी- मस्जिद के पास मोवा द्वारा आवेदित ग्राम कांपा प.ह.नं. 46 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 06 (खमतराई) स्थित भूमि खसरा नंबर 934/4, 934/11, रकबा 0.0320, 0.0210 कुल 0.0530 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. Q /वाचक/नायब. तह./ वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 18/11/2025 के परिपालन में दिनांक 15/12/2025 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 46 के कांपा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 06 (खमतराई)

## अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाताओं की सूची सार्वजनिक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे एसआईआर के हिस्से के रूप में, संबंधित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) उन मतदाताओं की बूथ-वार सूचियों को राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नामित बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ साझा करना सुनिश्चित करेंगे, जिन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत, डुप्लिकेट (एएसडी) के रूप में चिह्नित किया गया है और जिनसे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा 3 या अधिक बार दौरे के बाद भी संपर्क नहीं किया जा सका। इसे ध्यान में रखते हुए,



■ एसआईआर में बीएलओ द्वारा संपर्क नहीं किए जा सके मतदाता के नाम शामिल

एसआईआर चल रहे राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 5 लाख बीएलओ राजनीतिक दलों के 12 लाख से अधिक बीएलए के साथ बूथ-वार बैठकें करेंगे और उन्हें एएसडी सूचियां सौंपेंगे। यह एएसडी सूची में शामिल ऐसे प्रत्येक मतदाता की सटीक स्थिति जानने के लिए है, ताकि मसौदा मतदाता सूचियों के प्रकाशन से पहले ही किसी भी त्रुटि को सुधारा जा सके। यह कदम चुनाव आयोग की इस प्रतिबद्धता के अनुरूप है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं। मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर और जैसा कि बिहार एसआईआर के दौरान भी किया गया था। एसआईआर चल रहे सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में बूथ, विधानसभा और जिला-वार एएसडी सूचियां संबंधित डीईओ और जिला कलेक्टरों की वेबसाइटों के साथ-साथ सीईओ की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह इपिक खोज योग्य मोड में भी उपलब्ध होगी।

खबर संक्षेप



## शेड और शौचालय निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**तरपोंगी।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी में प्रार्थना सेड व स्मार्ट शौचालय का भूमि पूजन किया गया। जिसमें जिला ग्राम भारती के सचिव सुरेंद्र नशीने, कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा स्थानीय विद्यालय संचालन समिति शारदा शिक्षा समिति के संरक्षक सुरेंद्र कश्यप, समिति सचिव प्रफुल्ल गिरी गोस्वामी, सदस्य गोपेश्वर वर्मा, शिव कुमार हनुमंता, ग्राम पंचायत तरपोंगी के सरपंच प्रतिनिधि सावन नायक, विनय निषाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसीराम वर्मा सहित सभी आचार्य एवं आचार्या गण उपस्थित थे।

## धान खरीदी केंद्रों में शौचालय निर्माण में खामियां उजागर

**कूंरा।** क्षेत्र के सभी धान खरीदी केंद्रों में शौचालय निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। इस पहल के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव ने जिला प्रशासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि किसान हित में यह एक आवश्यक और सराहनीय कदम है। उन्होंने माना कि धान खरीदी सीज़न में किसानों, मज़दूरों एवं केंद्रों के कर्मचारियों के लिए शौचालय एक बुनियादी जरूरत है और प्रशासन ने इसे प्राथमिकता देकर सही काम किया है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने इस योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। हमारे संवाददाता से चर्चा करते हुए राकेश यादव ने कहा कि शौचालय निर्माण के नाम पर "अनियमितता, अपारदर्शिता और व्यर्थ खर्च" सामने आ रहा है।

# पंडवानी गायिका दुर्गा को राजस्थान में मिला अदम्य नारी रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

छत्तीसगढ़ के जिला रायपुर धरसीवां थाना क्षेत्र के छोटे से गांव निनवा की दुर्गा साहू ने प्रदेश का नाम पंडवानी गायिकी के क्षेत्र में गौरांवित किया है राजस्थान के जयपुर में रविवार को आयोजित गरिमामयी समारोह में दुर्गा साहू को अदम्य नारी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

### निनवा गांव में खुशी का माहौल

**बचपन से ही पंडवानी गायन में रुचि**

पंडवानी गायिका दुर्गा साहू धरसीवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तिल्दा नेवरा ब्लॉक के छोटे से गांव निनवा की निवासी हैं वह बचपन से ही पंडवानी गायिकी के क्षेत्र में रुचि रखती हैं उन्हें छत्तीसगढ़ में पंडवानी गायिकी के क्षेत्र में छोटी तीजन बाई के नाम से भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ का नाम गौरांवित करने वाली पंडवानी गायिका दुर्गा साहू अपनी माता श्रीमति सेवती वाई साहू की लाडली है उसके पिता तो दुनिया में नहीं लेकिन मां ने बड़े लाड प्यार से पाला और उसे अपने पिता स्व जितेंद्र कुमार साहू एवं गुरु निर्मल कुमार साहू शिक्षक के सपनो को साकार करने के संस्कार दिए।

**शिक्षक बनकर संवारना चाहती है बच्चों का भविष्य**

पंडवानी गायिका दुर्गा साहू अभी चौबीस साल की हैं इस प्रतिनिधि ने जब उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि उनकी शिक्षा अभी जारी है वह बीएड कर रही हैं और शिक्षक बनना चाहती हैं शिक्षक बनकर वह भावी पीढ़ी को पढ़ाना चाहती हैं उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना और उनमें छत्तीसगढ़िया संस्कृति को डालना उनका सपना है ।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर राजस्थान में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में राकेश गुर्जर चीफ एडिटर विंजा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, नितिन वर्मा फाउंडर स्किल शिक्षा , डॉ नूपुर जैन कुलपति पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर के द्वारा जैसे ही मंच से छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका दुर्गा साहू को अदम्य नारी सम्मान से सम्मानित किया गया तो वहां दर्शक दीर्घा में मौजूद दुर्गा के परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक आए।

### लक्ष्मीचंद नागवानी, छमनलाल और सुंदर पंजवानी के बीच होगा मुकाबला

# तिल्दा सिंधी पंचायत चुनाव 14 को तीन दावेदारों का नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव रविवार 14 दिसंबर को होंगे। बुधवार को सिंधी पंचायत हाल में प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन दाखिल किए गए। यह पहला मौका है जब चुनाव में तीन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।और यह भी लगभग तय है कि युवा वोटर ही प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

पिछले चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद भी वे चुनाव की तारीख का ऐलान करने से पीछे हटते रहे।और तारीख पे तारीख देते रहे . इस बार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की उम्र 60 साल से घटाकर 50 साल की गई है। इस बार पूर्व में पार्षद और सिंधी समाज के विभिन्न पदों पर रहे लक्ष्मीचंद नागवानी, पूर्व अध्यक्ष छमनलाल खूबचंदानी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष और काट के प्रदेश उपाध्यक्ष, तथा सिंधी पंचायत में उपाध्यक्ष रहे सुंदर दास पंजवानी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। भीमसेन भोजवानी के द्वारा भी नामांकन दाखिल किया गया था लेकिन उन्होंने अंतिम समय में अपना नाम वापस ले लिया।





प्रचार के लिए प्रत्याशी को तीन दिन का समय दिया गया है। इस बार के चुनाव में चुनाव अधिकारियों ने कड़े नियम लागू किए हैं। प्रचार के दौरान दो से ज्यादा लोग एक साथ प्रचार नहीं कर पाएंगे। साथ ही मदिरा या अन्य किसी प्रकार का प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाएगा।

यदि कोई भी प्रत्याशी या उनके समर्थक इस तरह के कार्य में लिप्त पाए जाएंगे. तो प्रत्याशी के ऊपर कारवाई की जाएगी। रविवार 14 दिसंबर को सुबह 8बजे से शाम 4 मतदाता वोट डाल पाएंगे. शाम 5 बजे वोटो की गिनती शुरू की जाएगी और 6 बजे तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

पहली बार चुनाव लड़ रहे लक्ष्मी चंद नागवानी को युवाओं का भारी समर्थन मिल रहा है। उनका कहना है कि सरकार से जो समाज के लिए जमीन मिली है वहां भव्य भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए वे समाज के सभी लोगों से संपर्क कर सहयोग लेंगे। दूसरे प्रत्याशी सुंदर दास पंजवानी ने भी अपना संपर्क तेज करते हुए समाज के लोगों को विश्वास दिलाया कि बिना भेदभाव का वह समाज के हित में काम करेंगे। पूर्व अध्यक्ष शमन लाल का कहना है कि मेरा कार्यकाल अच्छा रहा है इसीलिए मतदाता मुझे फिर से एक मौका देंगे।

# 13 लाख का गांजा, कार व 3 मोबाइल जब्त, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

चंडी मोड़ तिराहा के पास पुलिस ने नाकेबंदी कर गांजा तस्करी करते 3 आरोपी रंगे हाथ पकड़े गये। आरोपियों के कब्जे से 15 किलो 750 ग्राम गांजा, एक स्विफ्ट डिजायर कार तथा 3 मोबाइल फोन कुल 13 लाख 25 हजार रुपये की कीमत का माल जप्त किया गया।

यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मिली जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि चार पहिया वाहन मे सवार कुछ व्यक्ति वाहन मे गांजा रखकर अभनपुर की ओर आ रहे है,जिस पर साइबर यूनिट तथा अभनपुर पुलिस ने चंडी मोड़ पर नाकेबंदी पाइंट लगाकर बताये गये वाहन को रूकवाया गया वाहन मे तीन व्यक्ति सवार थे पूछताछ में आरोपियों की पहचान भूषण चंदेल पिता परदेशी राम चंदेल उम्र 28 वर्ष कोहका दुर्ग, पवन मनहरे पिता स्व रामखिलावन मनहरे उम्र 39 वर्ष निवासी कृष्णा नगर सुपेला, जितेन्द्र दशरिया पिता भोजराज दशरिया उम्र 20 वर्ष निवासी स्मृति नगर सुपेला दुर्ग के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 453/2025, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम,साइबर यूनिट निरीक्षक परेश पाण्डेय,आशीष त्रिवेदी,आर राकेश सोनी,सोमन सिन्हा,आर सुधीर तिर्की,अविनाश कोसरिया,मधुसूदन सिन्हा,एहतेसाम अली,दिनेश मसकोले सहित एसीसीयू एवं अभनपुर थाना टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार विकासखंड अभनपुर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा संपन्न हुई। लगभग 1400 शिक्षार्थियों ने 79 परीक्षा केंद्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में कई प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिले जिसमे ग्राम सलौनी में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, माँ-बेटी तथा सोनवानी परिवार की पाँच महिलाओं ने एक साथ परीक्षा दी,हसदा की 40 वर्षीय दिव्यांग महिला ट्रायसाइकल से परीक्षा केंद्र पहुँचकर शामिल हुई वही ग्राम पोंड के 75 वर्षीय कलीराम वर्मा, सलौनी के मार्कण्डे परिवार, तथा 70 वर्षीय लालाराम प्रजापति व उनकी पत्नी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चले मूल्यांकन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, डॉ. कामिनी बावनकर, डेकेश्वर वर्मा सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने घर-घर जाकर पीला चावल, फूल और टीका लगाकर शिक्षार्थियों को परीक्षा के लिए आमंत्रित किया। कई स्थानों पर उल्लास रंगोली से स्वागत भी किया गया।

एफएलएनएटी की सफलता पर जिला स्तरीय अधिकारियों सहित नोडल अधिकारी हेमन्त कुमार साहू, सहायक नोडल दीपक ध्रुवंशी, संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक, शिक्षक,बिहान एवं सक्रिय महिला समूहों के योगदान की सराहना की गई।

# विधायक के करोड़ों के विकास दावे का भाजपा के लोगों ने खोली पोल

**कूंरा।** बुधवार को नगर पंचायत कुँवरा में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में दूरबीन से प्रतीकात्मक निरीक्षण के दौरान भाजपा के ही पूर्व पार्षद प्रतिनिधि धनसिंह वर्मा एवम भाजपा के ही पूर्व एल्डरमैन प्रतिनिधि मुन्ना पटेल ने खुलेआम स्वीकार कर लिया कि"पूरे नगर पंचायत कुँवरा में विधायक अनुज शर्मा ने एक भी फूटी कौड़ी विकास के लिए नहीं दी है।"यह बयान भाजपा के अपने नेता का है, जिसे सुनकर मौके पर मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाईं और विधायक के 400 करोड़ के दावे पर ठहाके लगाए। इसी तरह पूरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 से लेकर सभी वार्डो का दूरबीन से जाकर विकास कार्य को देखा वहां टूटी-फूटी सड़के कांग्रेस सरकार में स्वीकृत सभी कार्यों को रुकवा दिया गया है कुँवरा नगर पंचायत में कांग्रेस सरकार में स्वीकृत लगभग 6 करोड़ के कार्यों को निरस्त करवा दिए हैं जिसमे रामलीला मंच निर्माण शीतला मंदिर निर्माण रानी सागर तालाब सौदर्यीकरण कार्य नाला निर्माण कार्य, पुष्प वाटिका निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति निर्माण जैसे कार्य टेंडर हो गए थे उसे निरस्त करवा दिया गया अनुज शर्मा विधायक धरसीवां ने। सनातन धर्म और हिंदू की बड़े-बड़े ढींगे हांकने वाले लोग रामलीला मंच शीतला मंदिर निर्माण बनने नहीं दिए, यही है इनका कर चरित्र और चेहरा

निरीक्षण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष श्री राजेंद्र "पप्पू" बंजारे, पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती अनीता शर्मा, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष श्री ऊधो राम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, नगर निगम रायपुर के पार्षद जयंत साहू, जिला पंचायत रायपुर के सदस्य हरिशंकर निषाद पूर्व जनपद सदयगन इंजीनियर शैलेंद्र शर्मा तारकेश्वर वर्मा कांग्रेस नेता महेंद्र गुड्डू सेन ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष श्री भावेश बघेल, जनपद प्रतिनिधि अंजित सायतोड़े, नगर पंचायत कुँवरा के पूर्व अध्यक्ष श्री ढालेंन वर्मा कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी श्री सुरेश साहू एवं उपाध्यक्ष श्री राजा खान प्रेमलाल पॉल ढालचंद अनिल बघेल सहित भारी संख्या में नगर पंचायत कुँवरा के पार्षदगण उपस्थित रहे।



## इंडोर स्टेडियम की साफ सफाई का किया निरीक्षण

**आरंग।** इंडोर स्टेडियम में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी खेल मैदान पहुँचे। पार्षद प्रतिनिधि ने इंडोर स्टेडियम परिसर की खराब स्थिति के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया था, जिसके बाद सीएमओ शीतल चंद्रवंशी सफाई प्रभारी राजेश साहनी और अंकिता साहू के साथ निरीक्षण हेतु मौके पर पहुँचे। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने सुखे पेड़ों की कटाई, झूले के पास की कंक्रीट हटाकर वहाँ मिट्टी और घास लगाने, तथा मैदान की नियमित सफाई सुनिश्चित करने की बात रखी। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए कि एक–दो दिन के भीतर पूरे मैदान की सफाई पूरी की जाए।

# कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, सौंपा ज्ञापन

**अभनपुर।** मंडल कांग्रेस कमेटी छछानपैरी द्वारा सारखी, खिलोरा, टेकारी एवं सिवनी सहकारी समिति का निरीक्षण कर समितियों में धान खरीदी से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेकर टोकन समस्या एवं लिमिट बढ़ाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर सोसाइटियो मे ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से मंडल पदाधिकारियो ने बताया कि किसानो को गिदावरी मे त्रुटि के कारण विक्रय मे असुविधा हो रही है। वही ऑनलाईन टोकन मे आ रही समस्या को देखते हुये ऑफलाईन टोकन सिस्टम पूर्व के अनुसार व्यवस्था करना चाहिए साथ ही विगत वर्षो की तरह धान खरीदी की लिमिट मे बढ़ोत्तरी किया जाये ताकि किसान समय रहते अपना धान बेच सके। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि लोकमणी कोसले, अध्यक्ष सेवक राम पटेल, ब्रम्हानंद ठाकुर, लीलाधर तिवारी,हेमलाल धीवर, भारत पटेल, चुन्नु साहू,भग्गु साहू, गुलाल धृतलहरे, अरविंद दिवान, भागवत साहू, नोहर पाल, दिपक सिंग,हिरीवन पाल,हरक यादव, यशवंत पाल, गोपाल पाल, जितेन्द्र निर्मलकर, गोवर्धन निर्मलकर, महेश, प्रकाश, मनोज, हिरा साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### बच्चे, बुजुर्गों और मवेशियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

# ग्रीनलैंड पर केमिकल डस्टों की डंपिंग से हवा पानी और मिट्टी प्रदूषित, संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान एक विकराल होते पर्यावरणीय संकट की ओर आकर्षित किया है। स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में कार्यरत कुछ उद्योगों द्वारा मिलकर सीएसआईडीसी की ग्रीनलैंड शासकीय भूमि पर अवैध रूप से डंपिंग यार्ड बनाया गया है, जहाँ भारी मात्रा में केमिकल युक्त डस्ट, औद्योगिक कचरा और ज़हरीले अवशेषों को खुलेआम फेंका जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि इस मनमाने और गैर-ज़िम्मेदाराना कृत्य के कारण आसपास के कृषि खेत, भूजल स्रोत, हवा और मिट्टी लगातार प्रदूषित हो रहे हैं, जिसका सीधा दुष्परिणाम ग्रामीण आबादी, बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

**त्वचा और आँखों से संबंधित गंभीर समस्याएं बढ़ी**



स्थानीय निवासियों ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि इस रासायनिक डस्ट के फैलाव से फसलों की पैदावार में कमी आई है, खेत की मिट्टी की उर्वरता नष्ट हो रही है, और भूजल का स्तर व गुणवत्ता दोनों बिगड़ रहे हैं। सबसे भयानक असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जहाँ लोगों में तेजी से सांस लेने में तकलीफ, त्वचा और आँखों से संबंधित गंभीर समस्याएँ सामने आ रही हैं, वहीं मवेशियों में भी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है।

**नियमों का सरेआम उल्लंघन**

युवा कॉंग्रेस जिला महासचिव अनिरुद्ध वर्मा ने स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि कुछ उद्योग लगातार किसानों और ग्रामीणों के साथ धोखा कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने बताया कि प्रबंधन से कई बार बात की गई है, लेकिन वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उद्योगों द्वारा किया जा रहा यह कार्य पर्यावरण संरक्षण कानून, अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और सरकारी भूमि उपयोग नियमों का सरेआम उल्लंघन है। इसके बावजूद, अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी और कठोर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है।जनप्रतिनिधियों के साथ एकजुट हुए ग्रामीणों ने ज़िला प्रशासन, पर्यावरण विभाग और सीएसआईडीसी से तत्काल यह मांग की है कि अवैध डंपिंग को तुरंत रोका जाए, दोषी उद्योगों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, और प्रदूषित क्षेत्र की वैज्ञानिक जाँच करवाकर उसकी सफाई और पुनर्स्थापन का कार्य तुरंत शुरू किया जाए। इसके साथ ही, प्रभावित ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था और उचित मुआवजे की मांग भी की गई है। वही ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र और ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे व्यापक जनआंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

पेज 11 के शेष...

### आठ दिनों में 111 बार फ्लाइटों...

5.55 वाली फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। बुधवार को विमानों के कैंसिल होने के आठ दिन बीत गए। इस अवधि में रायपुर आने और जाने वाली फ्लाइट का संचालन 111 बार नहीं हुआ। इससे यात्रियों की संख्या भी पिछले सप्ताह की तुलना में 27 फीसदी यानी लगभग 17 हजार कम रही है। ठंड के इस मौसम में यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई थी। अचानक आए बदलाव से व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई थी। छुट्टियों के दौर में यात्रियों के पूरी तरह फ्लाइट में लौटने की संभावना बहुत कम है।

### मिलिंग घोटाले...

उल्लेखनीय है कि ईओडब्ल्यू ने 9 दिसंबर को प्रदेश में हुए दो हजार करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग घोटाले में कारोबारी अनवर ढेबर के सबसे करीबी और मैनेजर दिपेन चावड़ा के विरुद्ध 200 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। इस चार्जशीट में दावा किया गया है कि दिपेन कस्टम मिलिंग की अवैध वसूली का काम करता था। दिपेन कस्टम मिलिंग की अवैध वसूली के साथ शराब घोटाला के पैसों को इकट्ठा करने और पहुंचाने का काम करता था।

### संविदा चिकित्सकों...

वजह से इस्तीफा स्वीकारने की पेशकश रखी है। उनके पहले भी दर्जनभर डाक्टर नौकरी छोड़ चुके हैं। राज्य के तमाम शासकीय मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। इन कालेजों में 397 चिकित्सा शिक्षक संविदा आधार पर काम कर रहे हैं। इनमें से कई की सेवा को काफी साल बीत चुके हैं और वे रिटायर होने के करीब आ चुके हैं। इन संविदा शिक्षकों को नियमित कर कालेजों की कमी को दूर किया जा सकता है।

इससे हर साल मंडराने वाला जीरो ईयर का खतरा भी समाप्त हो सकता है और मेडिकल टीचर्स के पलायन को रोका जा सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है और राजपत्र में प्रकाशित आदर्श सेवा नियम 2019 का पालन नहीं किया जा रहा है। नतीजा डाक्टरों से संविदा सेवा से लगातार इस्तीफा देने के रूप में सामने आ रहा है। शासकीय मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कमलेश जैन ने इस्तीफा दिया है, जिसकी अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। डा. जैन के पहले रायपुर मेडिकल कालेज से नेत्र रोग चिकित्सक डा. संतोष पटेल, बायोकेमेस्ट्री विभाग के एचओडी डा. एसके खोडियार, डा. संदीप चंद्राकर, डा. संजय कुमार नौकरी छोड़ चुके हैं। इसके अलावा संविदा सेवा और नियमित होने का चांस नजर नहीं आने की वजह से डीके अस्पताल के डा. सुरेश सिंह, डा. संजीव गुप्ता, डा. अर्पित अग्रवाल और डा. अभिजीत कोहट इस्तीफा देकर निजी हास्पिटल की ओर जा चुके हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग इन्हें नियमित कर मानव संसाधन की कमी को काफी हद तक दूर कर सकता है।

### चार हिस्सों में विभाजित किया गया...

डिवाइड किया गया है। इसमें पहला- इतिहास, दूसरा- भूगोल, तीसरा- पॉलिटिकल साइंस और चौथा- इकोनॉमिक्स है। दिए गए निर्धारित जगहों पर ही जवाब देना होगा। अभ्यर्थियों को आंसर शीट में साइंस के लिए तीन सेक्शन और सोशल साइंस के लिए 4 सेक्शन बनाकर जवाब देना होगा। हर सवाल का जवाब उसके दिए जगह पर ही लिखना होगा। अगर जवाब मिक्स हुए, तो उसका नंबर नहीं दिया जाएगा।

### नियमित गाड़ियों पर यात्रियों...

से भी यात्रियों ने ट्रेनों का रुख किया है। इसकी वजह से भी लंबी दूरी की सभी ट्रेन पैक होकर चल रही हैं। एक-एक फेस की विशेष ट्रेन 02870 हावड़ा से दोपहर 1.55 बजे रवाना होकर खड़गपुर, टाटानगर, राऊरकेला, झारसुगुड़ा होकर दूसरे दिन बिलासपुर रात 1.15 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से तड़के 3.15 बजे रायपुर, 4.15 बजे दुर्ग आगमन होगा। इसके बाद गोंदिया, नागपुर, बडनेरा, अकोला, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण होते हुये 23.45 बजे सीएसएमटी (मुंबई) पहुंचेगी। वापसी के दौरान 02869 सीएसएमटी से सुबह 11.05 बजे रवाना होकर उसी रास्ते से दूसरे दिन सुबह 5.05 बजे दुर्ग, 5.43 बजे रायपुर, 5.48 बजे बिलासपुर पहुंचकर आगे रवाना होगी।

## खबर संक्षेप

### ठंड के मामले में माना दूसरे नंबर पर, आठ डिग्री से नीचे गया तापमान

**रायपुर।** ठंड के मामले में एयरपोर्ट वाले माना ने अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है। अंबिकापुर के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट के मामले में यह दूसरे नंबर पर है। राज्य में अभी कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। देर रात वातावरण के ठंडा होने की वजह से दिन में धूप का प्रभाव भी बहुत अधिक असरदार नहीं है। इस बार की ठंड कुछ ज्यादा ही असरदार है। सरगुजा संभाग में तो ठंड का असर हर सीजन में काफी अधिक होता है, मगर इस बार ठंड का प्रभाव मैदानी इलाके में भी अपना असर दिखा रहा है। लगातार बढ़ती ठंड के बीच पिछले चौबीस घंटे में माना ने न्यूनतम तापमान के मामले में अन्य स्टेशनों को पीछे छोड़ दिया। केवल अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक पहुंचा और माना का पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का। विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य के तमाम आउटर शीतलहर की चपेट में हैं।

## निधन

### मोतीराम गुप्ता



**रायपुर।** सृष्टि पलाजो, अवंती विहार निवासी मोतीराम गुप्ता (88) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 दिसंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सुरेंद्र, नरेंद्र, वीरेंद्र एवं जितेंद्र के पिता थे।

### राजेश कौर बागल



**रायपुर।** उदया सोसाइटी टाटीबंध, सेक्टर 4 निवासी राजेश कौर बागल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से टाटीबंध श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे दीप सिंह बागल की माता थीं।

### शुभम वाधवानी



**रायपुर।** सुभाष नगर, श्याम नगर निवासी शुभम वाधवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 दिसंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे जय किशन वाधवानी के पुत्र और अभिषेक, निखिल वाधवानी के भाई थे।

# मेडिकल पीजी काउंसिलिंग का आवंटन स्थगित, संशोधित नियम मामले में हाईकोर्ट में 16 को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेजों की पीजी सीट पर प्रवेश के लिए मेरिट सूची के बाद पूरी की जाने वाली आवंटन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संशोधित नियम के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई की अगली तारीख 16 दिसंबर तय की गई है। राज्य कोटे की सीट के बंटवारे के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने मोर्चा खोल रखा है और जनप्रतिनिधियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराकर हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

काउंसिलिंग शेड्यूल के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को पीजी प्रवेश के पहले दौर में 875 लोगों की मेरिट सूची जारी की गई थी। इस आधार पर बुधवार को सीटों का आवंटन किया जाना था। पीजी चिकित्सा प्रवेश के संशोधित नियम के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इस आधार पर आवंटन की प्रक्रिया को अगली तारीख तक स्थगित कर दिया गया है। न्यायालय ने इस मामले में शासन को नोटिस जारी कर 2 दिन में जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। तब तक संशोधित नियम के आधार पर पीजी प्रवेश की प्रक्रिया पर रोक लगाई गई है। माना जा रहा है कि 16 दिसंबर को सुनवाई के बाद न्यायालय का जो फैसला आएगा उसे नए एडमिशन प्रकिया में लागू किया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। डिवीजन बेंच ने नए नियमों के तहत पीजी में प्रवेश को हाईकोर्ट के फैसले से बाधित रखा है। याने इस याचिका पर हाईकोर्ट का जो फैसला आएगा उसे नए एडमिशन प्रक्रिया में लागू किया जाएगा। मामले में 2 दिनों में राज्य सरकार से जवाब मांगा गया है। संशोधित नियम में राज्य की शासकीय सीट का 50-50 प्रतिशत बंटवारा किए जाने से चिकित्सा छात्रों काफी नाराजगी है। उनके द्वारा इस मामले में विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। छात्रों का तर्क है कि नए नियम से किसी भी मेडिकल कालेज में 75 प्रतिशत पीजी की सीट बाहरी लोगों के पास चली जाएगी और 25 फीसदी हिस्सा ही स्थानीय छात्रों को मिल पाएगा।

## चिकित्सा शिक्षा विभाग जारी कर चुका पहले दौर की मेरिट लिस्ट

### कांग्रेस जता चुकी विरोध

शासकीय सीटों को आधा-आधा करने के मामले में कांग्रेस ने चिकित्सा छात्रों को समर्थन दिया है। चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि नियमानुसार सभी राज्यों में 50 प्रतिशत आवश्यक रूप से अखिल भारतीय स्तर की पीजी सीटों का कोटा होता है। 50 प्रतिशत राज्य सरकार अपने मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों की पीजी सीटों के लिए सुरक्षित रखती है। नये फैसले से प्रदेश के उन छात्रों को नुकसान हो रहा है जो अपने ही राज्य में एमबीबीएस के बाद पीजी करना चाहते है।



### स्थानीय छात्रों को सीधा नुकसान

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष हीरा सिंह और जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह का कहना है इस नियम का सीधा खामियाजा स्थानीय छात्रों को भुगतना पड़ेगा। इसके अलावा पढ़ाई पूरी करने के बाद ओपन मेरिट वाले डाक्टर वापस लौट जाएंगे। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होगी क्योंकि स्थानीय मेडिकल कालेज के डाक्टर ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में अनुबंध सेवा के आधार पर इलाज करते हैं।

## वायु प्रदूषण कम करने नगर निगम ने दो नई गाड़ियां उतारी

# हवा में मौजूद बारीक धूल कणों को नियंत्रित करेगा वाटर मिस्ट व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम अब शहर के भीड़ वाले इलाकों में वाटर मिस्ट व्हीकल से हवा शुद्ध करेगा। आईटीआई खडगपुर द्वारा विकसित परीक्षित नई तकनीकी प्रमिति को रायपुर नगर निगम ने अपनाया है।

महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त विश्वदीप और एमआईसी सदस्यों के साथ दो वाटर मिस्ट व्हीकल की शुरुआत की। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 60 लाख रुपए में 2 नई गाड़ियां नगरनिगम ने खरीदी है। यह गाड़ी हवा में उपस्थित बारीक कणों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करेगी।

शहर वायु गुणवत्ता में सुधार लाने नगर निगम ने दो वाटर मिस्ट व्हीकल शहर की सड़कों पर उतारा है। व्हीकल का शुभारंभ करते हुए महापौर मीनल चौबे ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ये गाड़ी उन स्थानों पर प्रमुखता से चलाई जाएं, जहां आम जनता की आवाजाही सबसे अधिक होती है, ताकि शहर की जनता को शुद्ध हवा में सांस लेने में आसानी हो, हवा में मौजूद खतरनाक कणों के सांस के माध्यम से शरीर में जाने से सांस संबंधी परेशानी से लोग जूझते हैं इसलिए वायु की गुणवत्ता में सुधार लाना नगर निगम की प्रमुख प्राथमिकता में शामिल है।

### महापौर मीनल चौबे ने किया शुभारंभ





### 30 फीसदी प्रदूषण धूल से

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड और आईआईटी खड़गपुर के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन के तहत किए गए विस्तृत अध्ययन में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि रायपुर शहर में कुल वायु प्रदूषण का 30 फीसदी हिस्सा केवल सड़क की धूल से उत्पन्न होता है। इस समस्या के समाधान के लिए एक्शन प्लान के तहत वाटर मिस्ट व्हीकल का क्रय किया गया है। छत्तीसगढ़ में रायपुर ऐसा पहला शहर है जहां आईआईटी खड़गपुर द्वारा स्वचालित प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली को उपयोग में लाने पहल की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक पीएम 1 जैसे अति सूक्ष्म कणों में 70 फीसदी तक की गिरावट दर्ज होना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि ये कण फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश करते हैं। यह तकनीकि सामान्य वाटर केनन की तरह केवल पानी नहीं छिड़कती, बल्कि अल्ट्रा फाइन माइक्रो ड्रापलेट्स उत्पन्न करती है, जो हवा में उपस्थित सबसे खतरनाक कण पीएम 10, पीएम 2.5 और पीएम 1 के साथ तुरंत बंधकर उन्हें प्रभावी ढंग से जमीन पर बैठा देती है। वाटर मिस्ट व्हीकल में इन बिल्ट जनरेटर, स्टेनलेस स्टील पानी भंडारण टैंक, उच्च क्षमता वाला पंप और स्वचालित टाइमर वाला कंट्रोल पैनल लगा है।

**ये रहे उपस्थित**

इस तकनीक के शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की एमआईसी सदस्य गायत्री -सुनील चंद्राकर, मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, भोलाराम साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि संतोष हियाल सहित गणमान्यजन,अधीक्षण अभियंता इमरान खान, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता संविदा बी. एल. चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, अंशुल शर्मा जूनियर, सहायक अभियंता योगेश कडु, उप अभियंता रमेश पटेल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 18 व्यावसायिक परिसर सील टैक्स भुगतान में कोताही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली को लेकर एक्शन मोड में है। जोनवार बड़े बकायादारों को सूचीबद्ध कर बकाया टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 8 अमले ने टैक्स बकायादार के 18 व्यावसायिक परिसरों को सीलबंद किया। वीर सावरकर वार्ड के ये भवन मालिक कई वर्षो से बकाया टैक्स की राशि डिमांड बिल, डिमांड नोटिस और अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी निगम को भुगतान नहीं कर रहे थे। इन पर 1,069,7658 रुपए टैक्स बकाया है।

- अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया कर भुगतान में कोताही

जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन 8 की टीम ने वीर सावरकर वार्ड के 18 बड़े बकायादारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर संबधित व्यवसायिक परिसरों को सीलबंद किया। इनमें 5,19,952 रुपए के बकायेदार प्रीतम सिंग, 2,21,812रुपए के बकायेदार अशोक कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार नवानी, 4,044,208 रुपए के बकायेदार हरवंश सिंग, महेंद्र सिंग, सुरजीत कौर, 1,80,736 रुपए के बकायेदार राहुल धारीवाल, 1,31,503 रुपए के बकायेदार ओमप्रकाश तिवारी, 1,15,403 रुपए के बकायेदार सुरेंद्र सिंग, गुरविंदर सिंग, 2,60,641 रुपए की बकायादार नीलम मिश्रा, 2,16,759 रुपए के बकायेदार राजेश चंद्राकर, 1,12,090 रुपए की बकायादार लीलावती देवी सिंग, 1,38,726 रुपए के बकायेदार आदिल खान, 4,83,068 रुपए के बकायेदार राम बाबू शर्मा, 4,88,031 रुपए के बकायेदार सुरेश थैंकर, 1,93,6919 रुपए के बकायेदार समीर चंद्राकर, 2,11,00,638 रुपए के बकायेदार आशुतोष चंद्राकर, 1,32,132 रुपए के बकायेदार अमरिका भारद्वाज, 1481746 रुपए के बकायेदार सुकदेव सिंग, 1020705 रुपए के बकायेदार देवीलाल शर्मा, 712589 रुपए के बकायेदार गुरमीत सिंह शिरे के संबंधित व्यवसायिक परिसर में तत्काल ताला लगाकर सीलबंद किया गया।


## बिजनेस साइट

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में एडवांस्ड हर्निया एवं सर्जिकल वर्कशॉप का सफल आयोजन



**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने एडवांस्ड हर्निया एवं सर्जिकल ऑपरेटिव वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। एक दिवसीय इस कार्यक्रम में देशभर से आए लगभग 100 सर्जनों ने भाग लिया और आधुनिक मिनिमली इनवेसिव सर्जरी तकनीकों पर विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया। वर्कशॉप का नेतृत्व वरिष्ठ रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संदीप दवे और उनकी अनुभवी टीम ने किया। कार्यक्रम में 15 जटिल सर्जिकल केसों का प्रत्यक्ष ऑपरेटिव प्रदर्शन किया गया, जिनमें हर्निया, वेंट्रल एवं इन्सीजनल हर्निया सर्जरी सहित रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक प्रक्रियाएं - हिस्टेरेक्टॉमी, बी/एल सिस्टेक्टॉमी, कोलेसिस्टेक्टॉमी और अपेंडेक्टॉमी शामिल थीं। सर्जनों द्वारा प्रस्तुत जटिल मामलों और ऑपरेशन थिएटर में उनकी उपस्थिति ने वर्कशॉप को अधिक इंटरैक्टिव बनाया। स्ट्रक्चर्ड केस प्रेजेंटेशन, स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसीजर एक्सप्लेनेशन और खुले प्रश्नोत्तर सत्र इस आयोजन की मुख्य विशेषताएं रहीं।

### रायपुर कॉन्वेंट स्कूल में बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान समारोह




**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट स्कूल उ. मा. वि. में स्व. मनोरमा कसार की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने मनोरमा कसार के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान गुढ़ियारी में 3 बुजुर्ग महिलाओं आशा मानव, सुनंदा बाई बोहरे और बोधनी बाई साहू को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव कमल प्रसाद कसार और प्राचार्या श्वेता वासनिक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन को सफल बनाया। छात्र-छात्राओं ने जीवन में माता की महिमा और परिवार के महत्व पर प्रकाश डाला। स्व. मनोरमा कसार की स्मृति में कमल कसार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को कम शुल्क में अवसर प्रदान किए गए, ताकि वे उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क जांच शिविर 13 दिसंबर से

**रायपुर।** भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने पेट, लीवर, आंत एवं पाचनतंत्र संबंधी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए दिसंबर माह में विशेष निशुल्क जांच शिविरों की श्रृंखला शुरू की है। यह अभियान गैस्ट्रो एवं जनरल सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ प्रो. डॉ. विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में संचालित हो रहा है। डॉ. सिंह ने बताया कि बदलती जीवनशैली, तनाव और असंतुलित खान-पान के कारण गैस्ट्रो संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। सीने में दर्द, भारीपन, खट्टे डकार, निगलने में कठिनाई और सीने में जलन जैसे लक्षणों को साधारण समझकर अनदेखा करना खतरनाक हो सकता है। हॉस्पिटल द्वारा 13 दिसंबर को निशुल्क ईको, 25 दिसंबर को फाइब्रोस्कैन, 27 दिसंबर को डायबिटिक फुट और 30 दिसंबर को एंडोस्कोपी जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। मैनेजिंग डायरेक्टर नम्रता सिंह ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य समय पर सही निदान और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराना है।

UMH आयुष्मान भवः


# सीएम के वीडियो से छेड़छाड़ भाजपा ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संबोधन के वीडियो में छेड़छाड़ एवं एडिट कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल एसपी कार्यालय पहुंचा।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मुख्यमंत्री 2 दिसम्बर को जिलास्तरीय वार्षिक सामाजिक सम्मेलन एवं सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने बोईरदादर रायगढ़ गए थे। मुख्यमंत्री ने यहां जनता एवं किसानों को संबोधित करते हुए कहा था कि आने वाले समय में यदि आदिवासी समाज के बेटा बेटी अपना कोई उद्योग धंधा शुरू करते हैं, तो उन्हें एक रुपए एकड़ में जमीन मुहैया कराई जाएगी, लेकिन रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की निवासी मनीषा गोंड़ द्वारा अपने फेसबुक आईडी के जरिये मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से अपने गलत तथ्यों को जोड़कर तथा भाषण को तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल किया गया है, जिससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है।

जन्मदिन सेलीब्रेट की वजह से वाहन चालकों को हो रही थी परेशानी

# बीच रोड पर केक काटकर जन्मदिन मनाते पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीच रोड पर केक काटकर जन्मदिन मनाने का चलन सा हो गया है। युवा वर्ग के लोग रोड पर वाहन खड़ा कर केक काटकर तथा आतिशबाजी कर अपने दोस्तों का जन्मदिन सेलीब्रेट करते हैं, लेकिन इसके कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसे देखते हुए पुलिस भी ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गुढ़ियारी स्थित महतारी चौक के पास मुख्य सड़क को बाधित कर जन्मदिन सेलीब्रेट करते 5 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गुढ़ियारी थाना प्रभारी ने बताया कि 10 दिसंबर को गुढ़ियारी स्थित महतारी चौक के पास सार्वजनिक मार्ग पर कुछ उपद्रवी युवक रात करीब 12 बजे यातायात को बाधित कर बीच रोड पर जन्मदिन सेलीब्रेट कर रहे थे। इस दौरान उनके द्वारा केक काटकर आतिशबाजी की जा रही थी। इधर युवकों के जन्मदिन सेलीब्रेट करने के कारण इस रोड पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। इस घटना की सूचना किसी ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रोड पर जन्मदिन मना रहे 5 युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 126(2), 3(5) एवं एमवी एक्ट की धारा 122/177 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### इन युवकों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राकेश उर्फ मोनू डोगरे 30 वर्ष निवासी अम्बेडकर चौक गुढ़ियारी, संजय यादव 23 वर्ष निवासी मुर्रा भट्ठी, करन सिंह उर्फ बंटी मेरावी 20 वर्ष निवासी मुर्रा भट्ठी, प्रमोद टंडन 25 वर्ष निवासी बड़ा अशोक नगर एवं सौरभ सिंह उर्फ गोलु 25 वर्ष निवासी सीतानगर गोगांव शामिल है। उल्लेखनीय है कि शहर में रोड पर जन्मदिन मनाने के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में पुलिस ने कई युवकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने के साथ गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने इस मामले में आम लोगों से अपील की है कि किसी भी सार्वजनिक सड़क पर स्टंटबाजी, जन्मदिन मनाने से यातायात बाधित होता है। इससे दुर्घटना होने की संभावना भी रहती है। इससे खुद के साथ दूसरे की जान भी जा सकती है। यह कानूनन अपराध है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पेज 11 के शेष ...

### आठ दिनों में 111 बार ...

5.55 वाली फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। बुधवार को विमानों के कैंसिल होने के आठ दिन बीत गए। इस अवधि में रायपुर आने और जाने वाली फ्लाइट का संचालन 111 बार नहीं हुआ। इससे यात्रियों की संख्या भी पिछले सप्ताह की तुलना में 27 फीसदी यानी लगभग 17 हजार कम रही है। ठंड के इस मौसम में यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई थी। अचानक आए बदलाव से व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई थी। छुट्टियों के दौर में यात्रियों के पूरी तरह फ्लाइट में लौटने की संभावना बहुत कम है।

### मिलिंग घोटाले की अहम ..

उल्लेखनीय है कि ईओडब्ल्यू ने 9 दिसंबर को प्रदेश में हुए दो हजार करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग घोटाले में कारोबारी अनवर ढेबर के सबसे करीबी और मैनेजर दिपेन चावड़ा के विरुद्ध 200 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। इस चार्जशीट में दावा किया गया है कि दिपेन कस्टम मिलिंग की अवैध वसूली का काम करता था। दिपेन कस्टम मिलिंग की अवैध वसूली के साथ शराब घोटाला के पैसों को इकट्ठा करने और पहुंचाने का काम करता था।

### संविदा चिकित्सकों ...

वजह से इस्तीफा स्वीकारने की पेशकश रखी है। उनके पहले भी दर्जनभर डाक्टर नौकरी छोड़ चुके हैं। राज्य के तमाम शासकीय मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। इन कालेजों में 397 चिकित्सा शिक्षक संविदा आधार पर काम कर रहे हैं। इनमें से कई की सेवा को काफी साल बीत चुके हैं और वे रिटायर होने के करीब आ चुके हैं। इन संविदा शिक्षकों को नियमित कर कालेजों की कमी को दूर किया जा सकता है। इससे हर साल मंडराने वाला जीरो ईयर का खतरा भी समाप्त हो सकता है और मेडिकल टीचर्स के पलायन को रोका जा सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है और राजपत्र में प्रकाशित आदर्श सेवा नियम 2019 का पालन नहीं किया जा रहा है। नतीजा डाक्टरों से संविदा सेवा से लगातार इस्तीफा देने के रूप में सामने आ रहा है। शासकीय मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कमलेश जैन ने इस्तीफा दिया है, जिसकी अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। डा. जैन के पहले रायपुर मेडिकल कालेज से नेत्र रोग चिकित्सक डा. संतोष पटेल, बायोकेमेस्ट्री विभाग के एचओडी डा. एसके खोडियार, डा. संदीप चंद्राकर, डा. संजय कुमार नौकरी छोड़ चुके हैं। इसके अलावा संविदा सेवा और नियमित होने का चांस नजर नहीं आने की वजह से डीके अस्पताल के डा. सुरेश सिंह, डा. संजीव गुप्ता, डा. अर्पित अग्रवाल और डा. अभिजीत कोहट इस्तीफा देकर निजी हास्पिटल की ओर जा चुके हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग इन्हें नियमित कर मानव संसाधन की कमी को काफी हद तक दूर कर सकता है।

### चार हिस्सों में विभाजित ..

डिवाइड किया गया है। इसमें पहला- इतिहास, दूसरा- भूगोल, तीसरा- पॉलिटिकल साइंस और चौथा- इकोनॉमिक्स है। दिए गए निर्धारित जगहों पर ही जवाब देना होगा। अभ्यर्थियों को आंसर शीट में साइंस के लिए तीन सेक्शन और सोशल साइंस के लिए 4 सेक्शन बनाकर जवाब देना होगा। हर सवाल का जवाब उसके दिए जगह पर ही लिखना होगा। अगर जवाब मिक्स हुए, तो उसका नंबर नहीं दिया जाएगा।

### नियमित गाड़ियों पर यात्रियों ...

से भी यात्रियों ने ट्रेनों का रुख किया है। इसकी वजह से भी लंबी दूरी की सभी ट्रेन पैक होकर चल रही हैं। एक-एक फेस की विशेष ट्रेन 02870 हावड़ा से दोपहर 1.55 बजे रवाना होकर खड़गपुर, टाटानगर, राऊरकेला, झारसुगुड़ा होकर दूसरे दिन बिलासपुर रात 1.15 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। यहां से तड़के 3.15 बजे रायपुर, 4.15 बजे दुर्ग आगमन होगा। इसके बाद गोंदिया, नागपुर, बडनेरा, अकोला, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण होते हुये 23.45 बजे सीएसएमटी (मुंबई) पहुंचेगी। वापसी के दौरान 02869 सीएसएमटी से सुबह 11.05 बजे रवाना होकर उसी रास्ते से दूसरे दिन सुबह 5.05 बजे दुर्ग, 5.43 बजे रायपुर, 5.48 बजे बिलासपुर पहुंचकर आगे रवाना होगी।

# 130 की सीमा खत्म, 200 से अधिक मरीजों की रोजाना होगी सोनोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

■ आंबेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग का मामला, वेटिंग शून्य करने कवायद

■ बंद मशीन भेजी गई मरम्मत में



आंबेडकर अस्पताल में सोनोग्राफी व्यवस्था सुधारने कवायद की जा रही है। सोनोग्राफी के लिए तय समय सीमा से अधिक अब प्रतिदिन 200 से ज्यादा मरीजों की सोनोग्राफी रोजाना की जाएगी। गौरतलब है कि बाह्य रोग विभाग में अब तक प्रतिदिन 130 मरीजों की ही सोनोग्राफी की जा रही थी। इसके बाद मरीजों को अगली तिथि का स्लॉट दे दिया जाता रहा है। इस कारण सैकड़ों की संख्या में मरीज वेटिंग लिस्ट में थे।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सोनोग्राफी जांच सेवाओं में वेटिंग अब शून्य हो गई है। केवल गर्भवती महिलाओं को ही स्त्री रोग विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार एंटीनेटल स्कैन और एनॉमली स्कैन के लिए उनके गर्भावस्था के सप्ताह के आधार पर डेट दिया जा रहा है।

### नहीं कर रहे रेफर

*विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल में स्थापित 5 सोनोग्राफी मशीनों में से 4 मशीनें पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं, जबकि शेष एक मशीन का मरम्मत कार्य प्रगति पर है। सोनोग्राफी जांच के लिए किसी भी मरीज को प्रतीक्षा तिथि नहीं दी जा रही। सभी जांचें उसी दिन की जा रही हैं। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने अपनी कार्य क्षमता भी बढ़ाई है। मरीजों को उसी दिन सोनोग्राफी जांच की सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे जांचों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग नियमित रूप से कर रहे हैं। अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा, सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांचों के लिए भी किसी भी मरीज को वेटिंग डेट नहीं दी जा रही है। किसी को भी जांच के लिए डीकेएस रेफर नहीं किया जा रहा है। इमर्जेंसी में आने वाले मरीजों की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एक्स रे जांच नियमित रूप से विभाग में हो रही है।*

## खबर संक्षेप



### गरिमा गृह में बांटे गर्म कपड़े

**रायपुर।** प्रमा फाउंडेशन द्वारा सरोना स्थित गरिमा गृह में तृतीय लिंग समुदाय के साथियों के साथ सशक्तिकरण एवं सहायता के लिए एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठंड के मद्देनजर सभी उपस्थित साथियों को गरम कपड़े (जैकेट) वितरित किए गए, जिसने उनके चेहरे पर प्रसन्नता और जोश का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव राजकुमार मिश्रा ने बताया प्रमा फाउंडेशन की टीम के सदस्यों ने सभी साथियों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में संस्था की ओर से मनीष धुरंधर, गुंजन सिंह, केशव पटनायक, भूपेंद्र नायक, दीपेश मिश्रा, टी दीपा, पंकज साहू, दिलीप गुप्ता, धर्मेंद्र चौरसिया, अमित शेखर,इंदु साहू और अयान सिंह शामिल हुए।

### मारुति मंगलम भवन में श्रीमद भागवत कथा 22 से

**रायपुर।** गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में सात दिवसीय 22 से 29 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राठोड़ परिवार द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी प्रकाश राठोड़ और सूर्यकांत राठोड़ ने देते हुए बताया कि इस श्रीमद भागवत कथा के कथावाचक चैतन्यधाम शापुर, जुनागढ़ गुजरात के मनोजभाई भट्ट होंगे और कल्याणकारी कथामृत का रसपान कराएंगे। उन्होंने बताया कि कथा शुरू होने से पहले 22 को पोथी यात्रा निकाला जाएगी। दूसरे दिन 23 को सुकदेव परिक्षित मिलन, 24 को नरसिंह प्रागटय, 25 को वामनावतार, 26 को अन्नकुट दर्शन, 27 को रुकमणी विवाह, 28 को सुदामा चरित्र कथा सुनाया जाएगा। 29 को कार्यक्रम के समापन के दौरान पुर्णाहुति हवन और महाप्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है।

### नए श्रम कानूनः मजदूरों के मौलिक अधिकारों का हनन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ ने केंद्र सरकार द्वारा नए श्रम कानून में बदलाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि इस कानून से श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होगा और मजदूरों के छटनी पर सरकार का नियंत्रण नहीं रहेगा। नए श्रम कानून की प्रमुख समस्या है जिसमें छटनी की अनुमतिः नए कानून में 300 से कम कर्मचारी वाली कंपनियों को छटनी के लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे मजदूरों की नौकरी की अनिश्चितता बढ़ेगी, प्रदर्शन पर रोकः मजदूरों को अपनी जायज मांगों के लिए प्रदर्शन करने से पहले 14 दिन का नोटिस देना होगा, जो उनके मौलिक अधिकारों का हनन है सहित कई समस्याएं है। मोहम्मद सिद्दीक़ ने कहा कि नए श्रम कानून मजदूरों के साथ अन्यायकारी नीतियों से ओतप्रोत है और यह पूंजीवादी मानसिकता का परिणाम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस कानून को वापस नहीं लिया, तो मजदूर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।



## रायपुर के एक बदमाश ने मदद करने के बहाने पहले उसे अपने झांसे में लिया

# युवक को बंधक बनाकर अप्राकृतिक कृत्य परिवार से फिरौती भी मांगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक सनसनीखेज और शर्मनाक मामला सामने आया है। रामानुजगंज-बलरामपुर जिले से आए एक युवक को रायपुर के एक बदमाश ने मदद करने के बहाने पहले उसे अपने झांसे में लिया और फिर बंधक बनाकर उसके साथ न केवल अप्राकृतिक कृत्य किया, बल्कि उसके परिवार से फिरौती के रूप में पैसों की डिमांड की। पीड़ित युवक किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर अपने गांव लौटा और घटना की रिपोर्ट रामानुजगंज थाने में दर्ज कराई। इधर रामानुजगंज पुलिस ने इसकी सूचना रायपुर पुलिस को दी, जिसके बाद इस मामले में अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

विधानसभा थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रामानुजगंज का रहने वाला एक युवक 6 दिसंबर को सूरत जाने के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा था। वह मजदूरी का काम करने के लिए सूरत जा रहा था। रायपुर पहुंचने के बाद उसने जब अपना मोबाइल देखा, तो उसमें उसके परिजनों का वापस आने का मैसेज पढ़ा। यह मैसेज पढ़कर वह परिजनों से बात करना चाहता था, लेकिन उसका मोबाइल का रीचार्ज खत्म हो चुका था। इसे देखकर उसने स्टेशन के पास मिले एक व्यक्ति से अपने परिजनों से बातचीत करने के लिए मोबाइल मांगा। उसने जिस व्यक्ति से मोबाइल मांगा, उसका नाम गोविंद उर्फ गोविंदा है, जो विधानसभा क्षेत्र का निवासी है।

**मामले में अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया**



**पीड़ित युवक किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर अपने गांव लौटा और घटना की रिपोर्ट रामानुजगंज थाने में दर्ज कराई**

### विधानसभा पुलिस ने जीरो में केस दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

*रामानुजगंज पुलिस ने प्रार्थी युवक की शिकायत पर एफआईआर करते हुए इसे जीरो केस पर रायपुर विधानसभा थाने भेजा। इसके बाद यहां की पुलिस ने आरोपी का पता लगाते हुए उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है।*

### डेढ़ लाख रुपए की मांगी थी फिरौती

*पुलिस के अनुसार आरोपी गोविंद ने प्रार्थी को बंधक बनाने के बाद उसके परिजनों से मोबाइल पर संपर्क कर फिरौती में डेढ़ लाख रुपए की मांग की थी। रकम मिलने के बाद ही वह प्रार्थी को छोड़ेगा, इसकी धमकी उसने उसके परिजनों को दी थी। पुलिस को जांच में पता चला कि गोविंद आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। इसके पहले भी उसके विरुद्ध कई मामले थाने में दर्ज हैं।*

### बस में बैठाने के बहाने सूनसान जगह पर ले जाकर किया अप्राकृतिक कृत्य

*इसके बाद गोविंद युवक को बस में बैठाने के बहाने उसे एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसका मोबाइल छीनने के बाद उसे बंधक बनाया और फिर डरा-धमका कर उसे निर्वस्त्र कर उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक कृत्य करते हुए उसका अश्लील विडियो बनाया। इस कृत्य के बाद गोविंद ने उससे पैसों की डिमांड की। युवक ने जब पैसे नहीं होने की बात कही, तो गोविंद ने उसी के मोबाइल से उसके परिजनों को फोन लगवाया और अपने मोबाइल पर ऑनलाइन 5 सौ रुपए ट्रांसफर करा लिए। पैसे मिलने के बाद आरोपी, युवक को फिर एक अज्ञात स्थान पर ले जाने लगा। इस बीच एक जगह पर कुछ लोगों की भीड़ लगी हुई थी, जिसका फायदा उठाते हुए युवक किसी तरह आरोपी के चंगुल से फरार होने में कामयाब हो गया। जान बचाकर वह एक ट्रक में सवार होकर किसी तरह रामानुजगंज स्थित अपने गांव पहुंचा। वहां पहुंचने के बाद उसने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।*

# भूमाफिया की नजर लालपुर तालाब की जमीन पर, निवासियों ने किया प्रदर्शन, राजेंद्र नगर थाने में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा, श्रीकुमार मेनन के साथ रहवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

लालपुर के निस्तारी शीतला तालाब को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर भ्रष्टाचार एवं मनमानी करने से वहां के रहवासी बेहद नाराज हैं। नाराज रहवासियों ने बुधवार को राजस्व त्रुटि सुधार करने की मांग को लेकर कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के साथ कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इससे पहले रहवासियों ने राजेंद्र नगर थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तालाब को बेचने नहीं देंगे के पोस्टर भी थे।

लालपुर के निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उन्हें आश्वत करते हुये कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने बताया कि लालपुर स्थित शीतला तालाब की कैफियत कॉलम में वर्ष 1925-26 से 2000-2001 तक तालाब तथा तालाब पार दर्ज है। वर्ष 2002-03 में त्रुटिवश उक्त तालाब को राजस्व अभिलेखों में निजी व्यक्ति की कृषि भूमि के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। उक्त तालाब वार्डवासियों के आम निस्तारी का साधन है तथा शीतला मंदिर भी इसी तालाब से जुड़ा हुआ है। वार्डवासी शीतला माता मंदिर में पूजा-पाठ के साथ-साथ तालाब का संरक्षण एवं देखभाल भी कर रहें है। यह एक आस्था से जुड़ा हुआ मामला है।

राजस्व अभिलेखों में निजी व्यक्ति का नाम दर्ज होने पर उनके द्वारा अनाधिकृत रूप से स्थानीय निवासियों पर दबाव बनाकर बलपूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके कारण स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। इसी मामले को लेकर लालपुर निवासियों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया ।

### तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिये मिलकर करेंगे संघर्ष

स्थानीय लोगो का कहना है कि शीतला तालाब को मिलीभगत कर भू-माफियाओं के द्वारा ग्रामवासियों से छल-कपट कर व्यक्तिगत नाम से राजस्व अभिलेखों दर्ज करा लिया गया है। तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिये मिलकर संघर्ष करेंगे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, कृपाराम साहू, मनोज साहू, बलीराम साहू, तीरथ यादव, सुरेश धीवर, बंशी सागरवंशी, मुकेश साहू, तीरथ साहू, धीरज जैन, मोनू साहू, हरिचंद साहू, दयाराम यादव, लीलाधर साहू, केशव साहू, लकेश्वर साहू हिम्मत साहू, विजय साहू, नेतराम साहू, तुलसी साहू, अयोध्या साहू, जितेन्द्र साहू, भुनेश्वर कुमार, टीकाराम साहू, धनीराम साहू उपस्थित थे।

# निगम की आर्थिक स्थिति सुधार के लिए नेता प्रतिपक्ष ने रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने एक दिवसीय उपवास

नगर निगम की माली हालत खराब होने का हवाला देते हुए बुधवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महात्मा गांधी सदन में राष्ट्रपिता की मूर्ति के नीचे बैठकर उपवास किया। उन्होंने नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुधार करने की कामना करते हुए दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय उपवास रखा। इस दौरान बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम से कक्ष गूंजता रहा।

उपवास पर बैठे निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि रायपुर नगर निगम की वित्तीय स्थिति बदतर होते जा रही है। निगम अपने कर्मचारियों का वेतन और पेंशन समय पर देने की स्थिति में नहीं है। ट्रिपल इंजन की सरकार में बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर वस्तुस्थिति इसके उलट है। वार्डो में छोटे-छोटे विकास कार्यो के लिए पार्षदगण जोन दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। 50 हजार से लेकर 1 लाख तक विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। पिछले 6 महीने से संधारण मद का एक पैसा भी जोनों तक नहीं पहुंचा है। जिसके कारण पार्षदों को छोटे-छोटे कार्यो के लिए जूझना पड़ रहा है। मुद्रण शुल्क के रूप में 80 करोड़ रुपए रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिल पाया है।

उपवास में पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रदेश कांग्रेस सचिव शिव सिंह ठाकुर, पार्षद जयश्री नायक, शेख मुशीर और बब्बी सोनकर उपस्थित रहे।

# सोसाइटी आंदोलन के लिए दंडित प्रबंधकों ने मांगी राहत विधानसभा अध्यक्ष से मिले, रमन ने दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की विभिन्न सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधकों को हड़ताल पर जाने के कारण राज्य शासन ने निलंबित, बर्खास्त और एफआईआर दर्ज कराई थी। 19 दिन बाद हड़ताल वापस लेने के बाद कई जिलों में उन पर की गई कार्रवाई को शून्य करते हुए बहाली कर दी गई, लेकिन कई जिलों में अब तक उनकी बहाली नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। इन कर्मचारियों ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर हड़ताली कर्मचारी की बहाली कार्यवाही शून्य एवं वेतन भुगतान की मांग की। डॉ. रमन ने इन कर्मियों को भरोसा दिलाया कि मामले में मंत्री से बात करेंगे।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान की गई समस्त कार्यवाही शीघ्र समितियों द्वारा शून्य कर सवैतनिक बहाली नहीं की जाती है, तो पुनः धान खरीदी बाधित होने की प्रबल संभावनाएं हैं। प्रभावित कर्मचारी अपने-अपने प्राधिकृत को कार्यवाही शून्य करने पुनर्विचार के लिए आवेदन पत्र दिया है। संगठन के 33 जिला अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर और शासन को आंदोलन के दौरान की गई निलंबन, बर्खास्तगी, एफआईआर की कार्यवाही शून्य करते हुए सवैतनिक बहाली आदेश के लिए मांग पत्र पुनः सौंपेंगे। मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर कठोर निर्णय लेने विवश हो सकते हैं।



### 73 कर्मचारियों पर अलग-अलग कार्रवाई

आंदोलन 3 नवंबर से प्रारंभ होकर 19वें दिन चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए शासन प्रशासन से आश्वासन पर किसानों की धान खरीदी कार्यों को देखते हुए प्रदेश संगठन ने आंदोलन स्थगित कर दिया था। आंदोलन के दौरान प्रदेश के लगभग 73 प्रबंधक और कर्मचारियों पर बर्खास्तगी, निलंबन और एफआईआर कार्रवाई की गई थी।

### इन जिलों में कार्रवाई शून्य कर बहाली

आंदोलनरत सोसाइटी प्रबंधकों, ऑपरेटरों और अन्य कर्मियों के आंदोलन वापस लिए जाने के बाद जिला दुर्ग, खैरागढ़, राजनंदगांव, गरियाबंद, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, बलौदाबाजार कोरिया सहित कई जिलों में समिति के अध्यक्ष व कमेटी ने कर्मचारियों की कार्यवाही शून्य कर सवैतनिक वेतन प्रदान कर बहाली कर दी है। कुछ जिलों में अभी तक बहाली नहीं हो पाई है।

### सभी जिलों के पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में सभी जिलों से आए पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने शासन से मांग की है कि सकारात्मक पहल के बाद आंदोलन वापस किया गया था। अब उन पर की कार्रवाई को शून्य करते हुए बहाली की जाए। ऋषिकांत मोहरे प्रदेश अध्यक्ष ऑपरेटर संघ एवं सोसायटी के अन्य पदाधिकारी इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर अपनी बात रखी। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया कि मंत्री से चर्चा कर मामले का हल निकालने का प्रयास करेंगे।

# किसानों के दबाव में आधी समितियों में बढ़ी लिमिट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जहां नहीं बढ़ी वहां के किसान आक्रोशित

किसानों के लगातार प्रदर्शन एवं आंदोलन की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले की कई समितियों की लिमिट बढ़ाने आदेश कर दिया है। धान खरीदी की लिमिट आधी अधूरी समितियों में बढ़ाए जाने किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों को 70 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन उपलब्ध कराने की मांग अभी भी पूरी नहीं किए जाने से किसान पुनः आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।

लिमिट नहीं बढ़ने से ग्राम पथरी, सिलयारी के किसानों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। किसानों ने समिति प्रबंधक से चर्चा कर जानकारी ली, तो पता चला कि इन समितियों की लिमिट बढ़ाने मांग नहीं दी गई है। उन्होंने शाखा प्रबंधक ने पूछा कि सिलयारी शाखा की सभी समितियों की लिमिट बढ़ाने की मांग की गई थी, लेकिन केवल नगर गांव, कुथरेल रायता, कुकेरा, रायखेड़ा समिति की बढ़ाई गई हैं। सिलयारी, पथरी, मानधर, सारागांव, नीलजा, मढ़ी, बरतोरी, ख़ौना किरना, नीनवा धान खरीदी केंद्र की लिमिट नहीं बढ़ी। पथरी समिति किसानों ने बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि सभी समितियों में धान खरीदी लिमिट बढ़ाई जाय। मांग करने वाले किसानों में अजय वर्मा, शेषनारायण बघेल, दीपक बघेल, गोवर्धन साहू, मनहरन ध्रुव, भूषण वर्मा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### गंगा कुष्ठ आश्रम में रात्रि भोज 13 को

**रायपुर।** वक्ता मंच द्वारा पंडरी स्थित गंगा कुष्ठ आश्रम में 13 दिसंबर को रात्रि भोज कार्यक्रम होगा। साथ ही आश्रम वासियों को कंबल वितरण भी किया जाएगा। यह कर्यक्रम शाम 7:30 बजे प्रारभ होगा। यह जानकारी मंच के अध्यक्ष राजेश पराते और संयोजक शुभम साहू ने देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम स्व. मुकेश थिटे की स्मृति और स्व शिव कुमार यदु की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया जाएगा।




# समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन, सीएम को सौंपा ज्ञापन, जनता की आवाज को किया जा रहा दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता हुए शामिल

राज्य की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने राजीव गाधी चौक पर एक दिवसीय प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके पहले पूरे राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन पत्र पर 20 हजार से अधिक हस्ताक्षर इकट्ठे किए। इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री के नाम शासन के प्रतिनिधि को सौंपा गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर राज्य सचिव विश्वजीत हारोडे कहा कि छत्तीसगढ़ की आम जनता बिजली बिल वृद्धि, बेरोजगारी सहित कई समस्याओं से ग्रस्त है। इन ज्वलंत समस्याओं के कारण आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दी गई थी, लेकिन जन आंदोलन के दबाव में इसे सिर्फ 200 यूनिट तक चालू किया गया है। इसका फायदा भी जनता को नहीं मिल रहा है, क्योंकि नए स्मार्ट मीटर से बिजली बिल कई गुना आ रहे हैं। जनता का जीवन यापन करना दुश्वार हो गया है। दूसरी और पूंजीपतियों के विशेष कर अदानी के हित में हसदेव जंगल सहित छत्तीसगढ़ के तमाम क्षेत्रों में किसानों एवं आदिवासियों की जमीनों का जबरदस्ती अधिग्रहण किया जा रहा है। आंदोलन और जनता की आवाज को दरकिनार किया जा रहा है। पूंजीपतियों के हित में एक तरफा कार्रवाई शुरू है। सभा को प्रवीण शर्मा, डारेंद्र साहू, पूजा शर्मा और जैन पाल ने भी संबोधित किया।

### पार्टी जन समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन करेगी

सभा को राज्य समिति सदस्य आत्माराम साह ने कहा कि वर्तमान विष्णु देव साय सरकार केंद्र की भाजपा सरकार के एजेंसी की तरह काम कर रही है। राज्य के विकास के लिए कोई ठोस योजना पर क्रियान्वयन नहीं चल रहा है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं धान खरीदी में किसानों की स्थिति खराब है। एक किसान ने आत्महत्या कर ली है। रोजगार नहीं है। राज्य में न्यूनतम वेतन पूरे देश में सबसे कम है। पलायन जारी है। अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। स्कूल बंद किया जा रहे है और शराब दुकानें खोली जा रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अति गंभीर है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की आम जनता बहुत परेशान है। यदि मागे पूरी नहीं की गई तो हमारी पार्टी जन समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन करेगी।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



बेडरूम ही नहीं, मॉड्यूलर किचन में ...

## लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स ने डिजिटल डाक सर्विस और उपयोग के फायदे के बारे में जाना



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में डाकघर की आधुनिक सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं तथा भविष्य में इनके उपयोग को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन फ़िज़िकल एजुकेशन, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं डाक विभाग रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण और जीवन में उपयोग के महत्व पर मुख्य वक्ताओं ने जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डाक विभाग के हरीश कुमार महावर, प्रवर अधीक्षक डाकघर, आरपी वर्मा, उप अधीक्षक डाकघर, रायपुर, विक्रम सिंह, उप संभागीय प्रमुख रायपुर शामिल हुए। हरीश कुमार महावर ने विद्यार्थियों को डाक विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली आधुनिक और पारंपरिक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से डाक बचत योजनाएं, डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, डिजिटल सेवाएं, एड्रेस अपडेट सुविधाएं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज का डाकघर केवल पत्र या पार्सल भेजने का माध्यम नहीं, बल्कि एक मजबूत डिजिटल और वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में विकसित हो चुका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल ने डाक विभाग के अधिकारियों और विभागीय टीम का आभार व्यक्त किया।

### स्टूडेंट्स में दिखी जिज्ञासा

स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन फ़िज़िकल एजुकेशन विभाग के विद्यार्थियों ने डाकघर की आधुनिक सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं एवं भविष्य में इनके उपयोग के प्रति गहरी रुचि दिखाई। डाक सेवा शिक्षण व रोजगार गतिविधियों के तहत पत्र व्यवहार का सशक्त माध्यम है। इससे स्टूडेंट्स का गहरा जुड़ाव है। ऐसे में विद्यार्थियों को डाक के डिजिटल सुविधाओं और उसके लाभकारी उपयोग की जानकारी होना आवश्यक है। इसी विषय की जागरूकता पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

## उमंग के मंच पर राजस्थान, गुजरात पंजाब के लोक संस्कृति की झलक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान, गुजरात, बंगाल और पंजाब के लोक संस्कृति की झलक देवेन्द्र नगर सेक्टर -4 स्थित गुजराती बाल मंदिर, गुजराती प्राथमिक शाला एवं गुजराती उ.मा. शाला के संयुक्त वार्षिकोत्सव उमंग 2025 में देखने को मिली। जहां देशभक्ति, रामायण और महाभारत के कई प्रसंगों पर केन्द्रित प्रस्तुतियों ने दर्शक दीर्घा में बैठे पालकों को उत्सव का माहौल दिया। बालिकाओं की समस्या और निवारण, नारी शक्ति, योग और शिक्षा का महत्व, मोबाइल के दुष्प्रभाव, माता- पिता का सम्मान, पर्यावरण सुरक्षा जैसे कई विषयों पर दमदार प्रस्तुतियों की श्रृंखला में नृत्य और प्रहसन को विद्यार्थियों ने माध्यम बनाया। जिसे गीत-संगीत के साथ देखकर लोगों ने सराहा। इसमें प्रबंध समिति गुजराती शिक्षण संघ अंतर्गत संरक्षण समिति एवं कार्यवाही समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस अवसर को खास बनाने में सहयोग दिया। उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति में विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव को यादगार बनाने का प्रयास किया।

### इनकी मौजूदगी में प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

वार्षिकोत्सव 'सांस्कृतिक उमंग 2025' में संरक्षण समिति के अध्यक्ष रामजी भाई पटेल मुख्य अतिथि और कार्यवाही समिति के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संरक्षण समिति के उपाध्यक्ष मगन भाई पटेल, सदस्य बाबु भाई पटेल, जयन्ती भाई पटेल (रायपुर जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष) उपस्थित थे। अशोक भाई पटेल, जयन्त भाई टांक, हेमन्त भाई गोहिल, हितेश व्यास, सुनील पंडया और विवेक पाटीदार ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। मगन भाई पटेल ने 10 हजार और शिक्षक कमलेश कुमार रूपारेलिया ने प्राथमिक विभाग की प्रस्तुतियों को प्रोत्साहन स्वरुप 5100 रुपए देने के लिए घोषणा की।

### 25 प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने सजाया उत्सव

स्वागत भाषण, वार्षिकोत्सव की जानकारी और प्रतिवेदन प्राचार्य अनीस मेमन ने दिया। वार्षिकोत्सव में धन्यवाद ज्ञापन प्राथमिक विभाग की प्रभारी प्रधान पाठक योगिता टांक ने किया। मंच संचालन करते हुए शिक्षक नरेंद्र ताड़गे ने 18 विद्यार्थियों की टीम बनाकर उमंग की श्रृंखला को प्रभावशाली 25 प्रस्तुतियों से जुड़े विद्यार्थियों को मंच से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। इससे दर्शक दीर्घा में मौजूद गुरुओं, अभिभावकों और सहपाठियों से प्रतिभागियों ने वाहवाही लूटी।

● शिक्षित युवा एविएशन एजुकेशन को दे रहे प्राथमिकता, देश-दुनिया के नामी एयरलाइंस में हासिल कर रहे जॉब अपॉर्चुनिटी

# युवा कॅरियर बनाने भर रहे आसमानी उड़ान, एयरहोस्टेज बन लाखों के पैकेज संग सिलेब्रिटी जैसा स्टेटस का ड्रीम कर रहें पूरा

**प्रदेश के शिक्षित युवा एयरलाइंस सेक्टर में कॅरियर बनाने को उत्साहित दिख रहे हैं। वे पायलट, एयरहोस्टेज बन लाखों की पैकेज के साथ सिलेब्रिटी जैसा स्टेटस की सपने को साकार करने में जुटे हुए हैं। इसके लिए हर स्तर पर खुद को तैयार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव और जगदलपुर की स्कूल व कॉलेजों से बड़ी संख्या में शिक्षित युवा एविएशन इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग लेकर देश ही नहीं, दुनिया भर की एयरलाइंस में रोजगार पाकर अपने भविष्य को साकार बना रहे हैं।**

**रायपुर।** फ्लाईव्हील इंस्टीट्यूट एविएशन एंड हॉस्पिटिलिटी, टूर एंड ट्रेव्हल्स के चेयरमैन उमाकांत अग्निहोत्री ने बताया कि पिछले 25 सालों में राज्य में लगातार सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ प्रोफेशन एजुकेशन को लेकर यूथ में जागरूकता बढ़ी है। इसमें एविएशन एजुकेशन से जुड़ा एयरलाइंस सेक्टर रोजगार का नया हब बनकर उभरा है। एविएशन एजुकेशन के लिए 12वीं पास कर 17 से 18 वर्ष की उम्र में तीन साल का एविएशन एजुकेशन की डिग्री लेकर 21 से 22 वर्ष की उम्र में एयरलाइंस में जॉब्स हासिल करने का सुनहरा अवसर को एचिव कर पा रहे हैं। रायपुर सहित नागपुर महाराष्ट्र के एविएशन इंस्टीट्यूट में राज्य के युवा डिग्री व कोर्स और ट्रेनिंग पूरा कर देश-दुनिया के एयरपोर्ट, एयरलाइंस में जॉब्स करते हुए आसमां के रास्ते दुनिया की सैर के साथ-साथ मोटी सैलरी पैकेज उठा रहे हैं। इस सेक्टर में जॉब कर न सिर्फ उन्हें पैसे मिल रहे हैं, बल्कि सिलेब्रिटी जैसा वर्ल्ड क्लास स्टेटस भी हासिल हो रहा है। चेयरमैन उमाकांत अग्निहोत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 100 से अधिक युवा देश व विदेशी एयरलाइंस में जॉब कर रहे हैं। एविएशन एजुकेशन व ट्रेनिंग के लिए युवाओं में रूझान काफी बढ़ा है।



### डिग्री-डिप्लोमा कोर्स के साथ-साथ प्लेसमेंट

एक निजी एविएशन इंस्टीट्यूट के चेयरमैन ने बताया कि पायलट और तकनीकी इंजीनियर्स के लिए साइंस में 12वीं कोर्स एवं एयरहोस्टेस, क्रू मेंबर्स, ग्राउंड मेबर्स 12वीं पास युवा एविएशन कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। इनमें एयरहोस्टेस, केबिन क्रू मेंबर्स, ग्राउंड स्टॉप के लिए किसी भी ट्रेंड में 12वीं पास होना आवश्यक है। एयरहोस्टेस, केबिन क्रू मेंबर्स, ग्राउंड स्टॉप के लिए 3 वर्षीय ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स 6 सेमेस्टर व 1 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स शामिल है। साथ ही स्टूडेंट्स को दूसरे सेमेस्टर में पहुंचने के साथ ही एयरलाइंस प्लेसमेंट के लिए ग्रुमिंग कराया जाता है। कोर्स पूरो होते ही इंस्टीट्यूट के द्वारा ही देश-दुनिया के बड़ी से बड़ी एयरलाइंस कंपनी में प्लेसमेंट कराया जाता है।



### फैमिली को भी फ्री हवाई यात्रा और मेडिकल फैसिलिटी

निजी एविएशन इंस्टीट्यूट से जुड़े एजुकेशन कॅरियर काउंसलर ने बताया कि एयरलाइंस के स्टाप बनते ही न सिर्फ एंप्लॉय को कंपनी से मिलने वाली फैसिलिटी का लाभ मिलता है, बल्कि उनकी फैमिली को भी सारी सुविधाएं मिलती हैं। इनमें स्टाप मेंबर के फैमिली के सदस्यों को दुनिया के किसी भी कोने में हवाई यात्रा की फ्री सुविधा उपलब्ध होता है। इसके अलावा उच्च स्तरीय मेडिकल फैसिलिटी भी प्रोवाइड कराया जाता है। इस तरह से खुद के साथ पूरे परिवार की भी सोशल व पर्सनल स्टेटस बेहतर बन जाता है।



### एक हवाई उड़ान में 100 से 150 तक मैनपॉवर

उमाकांत अग्निहोत्री ने आगे बताया कि किसी भी एक हवाई यात्रा के मैनेजमेंट में कम से कम 100 से 150 स्टॉप की जरूरत होती है। इसमें पायलट के अलावा केबिन क्रू सुपरवाइजर, स्टाप ग्राउंड, तकनीकी इंजीनियर्स, एयरहोस्टेस, फ्लाई क्रू मेंबर्स, मैनेजमेंट स्टाप शामिल होता है। इस प्रकार एयरलाइंस कंपनी को अपनी हवाई उड़ान को सुचारू, सुविधाजनक और यात्रियों के लिए बेस्ट बनाना है तो पर्याप्त स्टॉप की नियुक्ति करना ही पड़ता है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि एयरलाइंस सेक्टर में रोजगार की कितनी स्कोप है।

### मंथली पैकेज 35 हजार से 5 लाख रुपए तक

फ्रेसर्स ग्राउंड स्टॉप की शुरुआती मंथली पैकेज 35 हजार रुपए से शुरू होता है, सीनियरिटी के साथ जो 1 लाख रुपए से ऊपर तक जाती है। वहीं एयरहोस्टेस, केबिन क्रू सुपरवाइजर की शुरुआती मंथली पैकेज 70 से 80 हजार रुपए होती है। पायलट व तकनीकी इंजीनियर्स की मंथली पैकेज 5 लाख रुपए से अधिक रहता है। इस तरह से वार्षिक सैलरी पैकेज की बात करें तो पायलट की 60 लाख रुपए तक, फ्लाई क्रू व एयरहोस्टेज का 10 लाख रुपए तक पकैज जाता है।

## इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे पर हुआ सेमिनार



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज में बुधवार को इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन आईसीसी कमिटी द्वारा छात्राध्यापकों के लिए किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'मानवाधिकारों की समझ और जवाबदेही' रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया राव, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन लॉ, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उप-प्राचार्य डॉ. आभा दुबे ने अपने स्वागत उद्बोधन में मानवाधिकार जागरूकता एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया राव ने एक विस्तृत, तथ्यपरक और प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अवधारणा, मूल सिद्धांत, मानवाधिकार ढांचा, अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य, अधिकारों के प्रकार विशेषकर निगेटिव एवं पॉजीटिव राइट्स, मानवाधिकारों की पीढ़ियां, ऐतिहासिक सिद्धांत, पशु अधिकार, नारीवादी एवं बहुसांस्कृतिक दृष्टिकोण एवं संबंधित एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राध्यापकों को प्रदान कीं। उनका व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे एवं उप-प्राचार्य डॉ. आभा दुबे द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया राव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## छोटे बच्चों ने वार्षिकोत्सव में पेश किया रंगारंग प्रोग्राम



रायपुर। किड्जी प्री-स्कूल सड्डू और समता कॉलोनी ने अपना 11वां वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। बच्चों ने नृत्य, नाटक, संगीत प्रस्तुतियों और अलग-अलग थीम पर आकर्षक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें रचनात्मकता और आधुनिक शिक्षा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इसमें एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा एवं संयुक्त आयुक्त, इंटर स्टेट ट्रैफिक लीड एजेंसी, अनिल शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, विशेष खुफिया शाखा एवं नक्सल ऑपरेशन मंच पर मौजूद रहे। कॅरियर काउंसलर डॉ. अजीत वरवंडकर सहित अमर बंसल, प्रदीप चौधरी प्रमुख रूप से आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम संचालन नयन जैन ने किया।

## रिंग फाइट में दम दिखाने आज टीम पश्चिम बंगाल होगी रवाना

**रायपुर।** पश्चिम बंगाल में होने वाली नौवें नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को ठाकुर नगर के लिए टीम रवाना होगी। 18 सदस्यीय टीम में 12 पुरुष और छह महिला खिलाड़ी शामिल हैं। महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि तीन दिवसीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, अरुणाचल प्रदेश, असम, हरियाणा, बिहार, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश की टीमें शामिल होंगी। ओपी कटारिया के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल जाने वाली टीम में तुषार वर्मा, आयुष्मान कालेले, विहान कालेले, पुष्कर साहू, गौरव हिमने के साथ ही अनीश, जायसवाल, अभिमन्यु कुमार शामिल हैं।

### इनकी अगुवाई में प्रदर्शन के लिए जाएगी टीम

*इनके अलावा नेशनल मैच में वेदांत साहू, आदित्य नारायण के., सृजन सिंह, योगेश कुमार और रौनक वर्मा भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की महिला टीम में वर्तिका क्षीरसागर, प्रणवी ओगले, तन्वी साहू, यशिका साहू, ऋशु जायसवाल और प्रकृति दंडवते इस बार रिंग फाइट चैंपियनशिप में अपने दमदार प्रदर्शन से पदकों पर अपना दावा करेंगी। टीम की रवानगी से पूर्व महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते सहित पदाधिकारियों ने समूचे खिलाड़ियों को चैंपियनशिप में सफलता को लेकर शुभकामनाएं दी। टीम के साथ छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के पदाधिकारी ओपी कटारिया, मंडल के सहसचिव मालती मिश्रा और सांस्कृतिक समिति के प्रवीण क्षीरसागर जाएंगे।*

गर्ल्स सर्दियों में क्लासी लुक के साथ ठंड से बचाए ऐसे कंफर्टेबल फैशनेबल सूट कैरी कर रहीं

# सर्दियों में स्टाइलिश सूट अब फैशन में लगाएगा चार चांद, ठंड से भी बचाएगा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्ल्स सर्दियों में क्लासी लुक के साथ ठंड से बचाए ऐसे कंफर्टेबल फैशनेबल सूट कैरी कर रही हैं। शहर के गोलबाजार, पुरानी बस्ती स्थित फैशन हाउस, पंडरी कपड़ा मार्केट में गर्ल्स अपनी मनपसंद विंटर सूट की तलाश और खरीदारी में जुटी हुई हैं। शहर की जाने माने फैशन डिजाइनर आशा गुप्ता बताती हैं कि ऑफिस, कॉलेज या डेली वियर के लिए ज्यादातर लड़कियां और महिलाएं सूट पहनना प्रिफर करती हैं। सूट काफी कंफर्टेबल भी होते हैं और देखने में क्लासी और स्टाइलिश भी लगते हैं। हालांकि, सर्दियों में इन्हें स्टाइल करना थोड़ा मुश्किल होता है। समझ ही नहीं आता कि इनके साथ कैसा स्वेटर या कार्डिगन वियर किया जाए और दुपट्टा कैसे कैरी किया जाए। अगर, विंटर्स में सूट स्टाइलिंग को लेकर कन्फ्यूज रहती हैं तो शॉर्ट हिप लेंथ वाले स्वेटर और कार्डिगन अवॉइड करने चाहिए। ये सूट के साथ बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते, साथ ही आपकी हाइट भी कम करके दिखाते हैं। इनकी जगह लंबे श्रग, लंबे कार्डिगन या जैकेट ट्राई करें। ये देखने में भी स्टाइलिश लगेंगे और बॉडी को ज्यादा वॉर्म भी रखेंगे। वह बताती हैं कि सूटों के अंदर थर्मल वियर करना एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। टॉप और बॉटम, दोनों थर्मल वियर करें, ये आपको अंदर से वॉर्म रखेंगे। वहीं, अगर इसके ऊपर आप मोटा सूट पहन लें तो स्वेटर की भी जरूरत नहीं रहेगी। बाकी ठंडा ज्यादा है तो लॉन्ग जैकेट या कार्डिगन के साथ पेयर कर सकती हैं।







### सूट के अंदर पुलओवर वियर करें

बेहतर स्टाइल और गर्माहट के लिए सूट के अंदर पुलओवर वियर करना एक अच्छी चॉइस हो सकती है। इमेज कोच कहती हैं कि अगर आपका कुर्ता थोड़ा लूज साइड पर है तो उसके अंदर स्वेटर वियर कर सकती हैं। कॉन्ट्रास्ट शेड में पुलओवर, आपको अलग ही स्टाइलिश लुक देंगे।

### शॉल और दुपट्टा का पेयर देगी स्टाइलिश लुक

ठंड में शॉल और दुपट्टे को लेकर बड़ी कन्फ्यूजन रहती है। इसे लेकर फैशन डिजाइनर बताती हैं कि दोनों चीजें एक साथ वियर कर सकती हैं। इसके लिए अपने शॉल को दुपट्टे में पिन अप कर के वियर कर लें। इससे स्टाइलिश लुक भी मिलेगा और साथ ही बॉडी ठंड से भी बची रहेगी।

## समाज लाइव

# तिब्बत में शांति स्थापित करने वाले गुरु दलाई लामा को किया नमन



**रायपुर।** भारत तिब्बत सहयोग मंच की महिला विंग की पहल पर बुधवार को एक आयोजन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अनीता अग्रवाल ने बताया कि संस्था से जुड़े लोगों ने मिलकर मानव अधिकार दिवस बनाया। इसमें प्रांत अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, जिला अध्यक्ष नितिन शर्मा, राजेश भार्गव सहित संगठन के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से मंच के माध्यम से दलाई लामा को प्राप्त शांति के नोबेल पुरस्कार और वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर तिब्बती यूलिन बाजार नलघर चौक के सामने तिब्बती शरणार्थियों ने तिब्बत में शांति स्थापित करने वाले गुरु दलाई लामा को नमन किया। इससे पहले अतिथियों का शाल, फूलमाला और श्रीफल से स्वागत किया।

### शांतिपूर्ण समाधानों के लिए मिला नोबेल पुरस्कार

पूर्ण कालीन प्रचारक राजीव भार्गव ने अपने वक्तत्व में भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा विगत 26 वर्षों से तिब्बत की मुक्ति, कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को मौलिक अधिकारों के प्रति सजग किया। डॉ. अनीता अग्रवाल ने दलाई लामा को मंच से नमन करते हुए तिब्बत मुक्ति के लिए उनके अहिंसक संघर्ष और शांतिपूर्ण समाधानों के लिए प्राप्त नोबेल पुरस्कार पर प्रकाश डाला। सभी ने बंकिमचंद्र द्वारा लिखित वंदेमातरम् गीत के 150 वर्ष होने पर सामूहिक वंदेमातरम् गायन किया।

## सिटी लाइव

# मानव अधिकार को लेकर विषय विशेषज्ञों ने कानूनी प्रावधानों से किया जागरूक



**रायपुर।** बुधवार को शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान ने मानव अधिकार दिवस मनाया। यह आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान, राष्ट्रीय बंगाली सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन एवं भारतीय मानव अधिकार जनकल्याण एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अधिवक्ता किशोर भादुड़ी ने मानव अधिकार के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं, इंटरनेशनल पैनल से राहुल दास ने आम आदमी के अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आम लोगों के अधिकार व उनकी समस्याओं के निराकरण के उपाय बताए। शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान की प्रमुख महुआ मजुमदार ने विषय विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट रूप से मानव अधिकार के बारे में जागरूक करने पर आभार व्यक्त किया। मंच संचालन रोनाली चक्रबर्ती ने किया। इसके अलावा कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण लाहोटी, शंकर गांगुली, डॉ. गोपा शर्मा, सुमिता कुंडू, पुनम पांडे, तन्मय चटर्जी सहित बड़ी संख्या मे समाजसेवी संस्था व शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

> शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान ने मानव अधिकार दिवस मनाया

## लाइव इवेंट

# पल्लव साहेब के साथ वरसी महोत्सव का किया समापन



**रायपुर।** संत बाबा गेलाराम साहेबजी का 17वां वरसी महोत्सव का समापन सुख, शांति, समृद्धि की मंगलकामना के साथ सोमवार को पल्लव साहेब के साथ किया गया। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास और देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में सुबह 10 बजे पाठ साहब का आशा दीवार व सत्संग का सिलसिला शुरू हुआ। इसमें संत समाज के लोग भी मंचस्थ रहे। दोपहर 12 से 4 बजे तक गोदड़ीवाला धाम में महिला मंडल ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया। इसमें भाटापारा, रायगढ़, सीधी की भजन टोलियों ने सहभागिता निभाते हुए श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल दिया। विनोद चावला चकरभाठा, बाबा बालक मंडली जलगांव के भगत कमल कुमार द्वारा भजन, सत्संग और कीर्तन किया गया।

### माथा टेकने वालों का दिनभर लगा तांता

अखंड पाठ साहेब का भोग साहेब का नियम किया गया। गोदड़ीवाले बाबा की अखंड धुनी साहेब तीन दिन सेवा संगत के बीच चला। अंतिम दिन बाबा की देवरी पर सुख शांति, समृद्धि के लिए मंगलकामना करते हुए माथा टेकने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम 4.30 बजे जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के द्वारा पल्लव साहेब का नियम करते हुए वरसी महोत्सव का समापन किया गया। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक नंद कुमार साहू, श्रीचंद सुंदरानी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

● राजधानी की पॉश कॉलोनियों में लोग रसोई को हाईटेक बनाने में ले रहे रुचि, काउंसिलिंग के बाद प्लानिंग का चलन

# बेडरूम ही नहीं, मॉड्यूलर किचन में भी इंटीरियर का क्रेज क्वालिटी और डिजाइन पर खर्च कर रहे हैं 5 से 10 लाख

> 'एक समय था, जब लोग बेडरूम को आकर्षक बनाने पर लाखों रुपए खर्च किया करते थे। अब लोग मॉड्यूलर किचन को खास क्वालिटी और डिजाइन के साथ ही हाईटेक सुविधा से लैस करने पर फोकस कर रहे हैं। इसके लिए सीमित जगह को आकर्षक बनाने के लिए काउंसिलिंग के बाद प्लानिंग करने में रुचि ले रहे हैं। इस तरह की प्री-प्लानिंग का चलन राजधानी की पॉश कॉलोनियों में तेजी से बढ़ रहा है। लकड़ी के मॉड्यूलर किचन की जगह प्लाईवुड, हार्डबोर्ड, स्टेनलेस स्टील से 5 से 10 लाख रुपए में किचन बनवा रहे हैं।'







**रायपुर।** दिनभर की भाग-दौड़ के बाद लोगों का लगाव आरामदायक बेडरूम के प्रति ज्यादा है। अब सुविधा के लिहाज से रसोई को भी लोग आकर्षक बनाना चाहते हैं। इससे मॉड्यूल किचन में अब इंटीरियर का चलन बढ़ रहा है। शहर के स्वर्ण भूमि, देवेन्द्र नगर, शंकर नगर की पॉश कॉलोनियों में किचन को खास बनाने का ट्रेड है। ज्यादातर लोग परिवार और जरूरत के लिहाज से किचन को आकार देते हैं। कॉलोनियों में लोग जगह का सही उपयोग करने के लिहाज से भी सोचने लगे हैं। इंटीरियर डिजाइनर विवेक वर्धन ने बताया कि लकड़ी के मॉड्यूलर किचन की जगह अब प्लाईवुड या हार्डबोर्ड मॉड्यूलर ने लिया है। लोग बार-बार खर्च करने की जगह मॉड्यूलर किचन को बेस्ट मटेरियल्स से बनवाने 5 से 10 लाख रुपए खर्च करने से गुरेज नहीं करते हैं। इस खर्च के बदले अच्छी सुविधा प्राप्त करने के साथ समय भी बचा रहे हैं।



### हैंगिंग और रोप लाइट संग इंटीरियर भी करवा रहे

अब लोग मॉड्यूलर किचन को आकर्षक लुक देने के लिए इंटीरियर भी करवाने लगे हैं। किचन में जाते ही वहां खाना पकाने में ज्यादा समय न गंवाना पड़े, इसके लिए लोग आटो इग्नेशन सिस्टम लगवाते हैं। इससे बार-बार किचन में दौड़ लगाने की जरूरत भी खत्म हो गई है। इलेक्ट्रानिक चूल्हे का यूज बढ़ने से किचन में होने वाली गंदगी कम होने से सफाई का समय भी बचता है। इसे कम करने के लिए लोग किचन में मार्बल, टाइल्ड और ग्रेनाइड्स का इस्तेमाल करते हैं। कुल मिलाकर लोग हर महीने का खर्च बढ़ाने की बजाय समय बचाने और सुविधा बढ़ाने पर फोकस करने लगे हैं। मॉड्यूलर किचन में हैंगिंग और रोप लाइट लगवाने के साथ इंटीरियर वर्क करवाते हैं।

### क्वालिटी और ब्रांडेड प्रोडक्ट से बढ़ती है लागत

*नेहा शर्मा ने बताया कि पॉश कॉलोनियों में लोग जगह का सही उपयोग किया जा सके। इस लिहाज से काउंसिलिंग के लिए आते हैं। लोग जगह और फैमिली की जरूरत के लिहाज से किचन बनवाते हैं। मॉड्यूलर किचन का खर्च उसे बनाने में उपयोग की जाने वाले नई एवं हाइटेक तकनीक से जुड़े प्रोडक्ट से तय होते हैं। रसोई के आकार, इस्तेमाल की गई सामग्री (जैसे लैमिनेट, एक्रेलिक), हार्डवेयर की क्वालिटी और डिजाइन पर लागत निर्भर करती है। आमतौर पर 5 से 10 लाख रुपए से ज़्यादा भी हो सकता है। इसमें कम बजट के लेमिनेट फिनिश और हाई-एंड विकल्प इससे काफी महंगे हो सकते हैं। उपयोग किए जाने वाले प्रोडक्ट में प्लाईवुड, लेमिनेट, एक्रेलिक, मेम्ब्रेन फिनिश की क्वालिटी और ब्रांड लागत को कम या ज्यादा करते हैं। इससे डिमांड और इंटीरियर वर्क के आधार पर खर्च बढ़ जाता है।*

### स्ट्रेट लाइन शेप यू-शेप, पैरेलल डिजाइन का ट्रेड

मॉड्यूलर किचन निर्माण से जुड़े सोनू देवांगन ने बताया कि स्टेनलेस स्टील मॉड्यूलर किचन का चलन भी बढ़ रहा है। इसे कम जगह में किचन बनवाने की चाहत रखने वाले लोग बनवाना पसंद करते हैं। इसमें खर्च ज्यादा होने के बाद भी सीमित जगह का भी बेहतरिन उपयोग होता है। शहर के लोग लकड़ी के मॉड्यूलर किचन की जगह अब प्लाईवुड, हार्डबोर्ड, स्टेनलेस स्टील मॉड्यूलर किचन बनाना पसंद करते हैं। हार्डवेयर, हिंजेस, स्लाइडर्स, बास्केट, टैंडम बास्केट, चिमनी, हॉब जैसे एक्सेसरीज की क्वालिटी का इस्तेमाल होता है। इसके साथ ही स्ट्रेट लाइन शेप, यू-शेप, पैरेलल, आइलैंड किचन जैसे डिजाइन को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। डिजाइन जगह देखने के बाद तय किया जाता है।

# छत्तीसगढ़ प्रवास पर डॉ. पड्या, माना एयरपोर्ट पर मंत्रोच्चार से भव्य स्वागत



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। बुधवार को नियमित विमान से दोपहर में माना एयरपोर्ट पहुंचे। गायत्री परिजनों ने उनका पुष्पवर्षा और मंत्रोच्चार से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, दिनानाथ शर्मा, सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, डॉ. अरुण मढ़रिया, श्रीमती सरला कोसरिया, दिलीप पाणिग्रही मौजूद थे। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने बताया कि 11 दिसंबर को बेमेतरा के भिंभौरी सिलघट में होने वाले 108 कुंडीय महायज्ञ में शामिल होंगे। इसे देखते हुए रायपुर के परिजनों के लिए बस सेवा दी जाएगी, जो गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी से सुबह 08 बजे गंतव्य के लिए रवाना होगी।

### यह शताब्दी वर्ष कई मायने में समर्पित, पहुंचाएं संदेश

*युवाओं के साथ प्रभारी अमित डोये एवं मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम सहित गायत्री परिवार के परिजनों से डॉ.पड्या ने एयरपोर्ट पर चर्चा करते हुए बताया कि 2026 में अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के तप एवं उनके द्वारा वर्ष 1926 में प्रज्वलित की गई अखण्ड ज्योत के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। यह 100 वर्ष केवल दीप जलने का नहीं, बल्कि ईश्वरीय योजना के 100 वर्षों का साक्षी बनेगा। वर्ष 2026 में गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दि वर्ष भी है। यह वर्ष हमें राष्ट्र, समाज और चरित्र निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करने का संदेश देता है। छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक सुंदरता एवं आदिवासी संस्कृति का अद्भुत संगम है।*

# सतनामी समाज का 4 को हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**रायपुर।** सतनामी समाज द्वारा देश का सबसे बड़ा हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के तत्वावधान में 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन में होगा। इसमें दुनिया भर के कोने-कोने से सतनामी समाज के शादी योग्य युवक-युवती ऑनलाइन माध्यम से होने वाले जीवन साथी से लाइव संवाद कर परिचय दे सकेंगे। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि यह हाईटेक राष्ट्रीय स्तरीय विवाह योग्य सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का 10वां वर्ष है। सम्मेलन के लिए न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में अग्रिम पंजीयन जारी है। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के अलावा देश के विभिन्न प्रांतो में निवासरत व विदेशों में कार्यरत विवाह योग्य सतनामी समाज के युवक-युवती प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंचेंगे। सम्मेलन में भारी भीड़ उमड़ती है, जिसके मद्देनजर अविवाहित युवक-युवतियों के साथ-साथ विधवा, विधुर व तलाकशुदा महिला व पुरुषों के लिए अग्रिम पंजीयन की भी सुविधा शुरू की गई है।

### प्रतिभागी ऐसे करें पंजीयन

*प्रतिभागी अपनी दो पासपोर्ट फोटो के साथ प्रतिदिन सुबह 11 से 5 बजे के बीच रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। कार्यक्रम पश्चात सभी प्रतिभागियों को बंधन पत्रिका निःशुल्क प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़े एलईडी. स्क्रीन पर लाइव किया जाता है, जिसे देखकर देश-विदेश में निवासरत समाज के लोग वैवाहिक रिश्ता जोड़ने की पहल करते हैं। इसे अच्छा प्रतिसाद मिलता है। प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए परिचय सम्मेलन प्रभारी चेतन चंदेल से संपर्क कर सकते हैं।*

कार्नर न्यूज

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में श्री श्री बालाजी पूजा युवा समिति की पहल पर 26वें वर्ष जारी है पूजा महोत्सव

# भगवान बालाजी के दरबार में महोत्सव, सुख -समृद्धि के लिए आठ दिन पूजा, आज निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में श्री श्री बालाजी पूजा युवा समिति द्वारा पारंपरिक तरीके से भगवान श्री बालाजी की आराधना की जा रही है। एन.प्रसाद राव और सोमेन चटर्जी ने बताया कि पूजा महोत्सव के रजत जयंती वर्ष में बनवाए गए साढ़े 6 फीट ऊंचे पीतल और तांबे से निर्मित भगवान बालाजी का श्रीविग्रह मंदिर से लाने के बाद पूजा पंडाल में स्थापित है। मुख्य पुजारी वासु मूर्ति द्वारा तय की गई पूजा तिथि के तहत 8 दिनों की पूजा के लिए नित्य पूजा और आराधना के लिए समय और पूजा में यजमानों के शामिल होने का नियम सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है। सुबह और शाम को पंडाल में विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है। इसमें यजमान रूप में वैवाहित जोड़े ही शामिल होते हैं।



### स्वामी वारि पुष्पयागम के बाद शयनोत्सव



डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के लोग ही नहीं, बल्कि संन्यासी पारा, भनपुरी, देवेन्द्र नगर और फाफाडीह से भी श्रद्धालु परिवार के साथ पूजा महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए पहुंचते हैं। वहीं, बुधवार को नित्य अर्चना, हवन के साथ ही श्रीवारि अभिषेकम किया गया। शाम को सात बजे नित्य अर्चना और हवन के बाद भक्तों की मौजूदगी में स्वामी वारि पुष्पयागम के बाद शयनोत्सव और संतान प्राप्ति के लिए कामना की गई। महोत्सव की इस श्रृंखला में लोगों को आस्था के साथ ही आपस में मेल-मिलाप का माध्यम भी बन रहा है।

### देर-रात तक बनता है उत्सव का माहौल


हर साल की तरह ही शाम को पूजा पंडाल में पहुंचने वाले लोगों को भक्ति के साथ उत्सव का माहौल मिलता है। पंडाल में बच्चों द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाती है। लोगों को व्यंजनों का स्वाद मिले, इसके लिए स्टाल सजते हैं। इससे परिवार के साथ पूजा में शामिल होने वाले लोगों को अच्छा माहौल मिल रहा है। भक्ति के साथ उत्सव का हिस्सा बनने के लिए नौकरीपेशा लोग शाम को ही महोत्सव में शिरकत करने के लिए पहुंचते हैं। उनको सुविधा देने के लिए वालंटियर्स को तैनात किया है, ताकि व्यवस्था भी बनी रहे।

### भगवान के श्रीविग्रह संग निकलेंगे भक्त

समिति के लोगों ने बताया कि 11 दिसंबर को दोपहर में भंडारा किया जाएगा। शाम को भगवान श्री बालाजी की शोभायात्रा निकलेगी। इसमें भजन-कीर्तन करते हुए भक्त परिवार भगवान को श्रीनगर स्थित गणेश मंदिर में स्थापित करने श्रीविग्रह का श्रृंगार करने के बाद शोभायात्रा में शामिल होंगे। विभिन्न मार्गों से होती हुई शोभायात्रा श्रीनगर स्थित मंदिर में पहुंचने के बाद मंत्रोच्चार के साथ भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही इस पारंपरिक पूजा महोत्सव का समापन आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा।

हेल्थ टिप्स

## रोज सिर्फ 10 मिनट करें यह योगासन 45 में मिलेगा 25 जैसा लुक



करीना कपूर खान की टोंड बॉडी और यंग ग्लो का राज विपरीतकरणी आसन है। सेलिब्रिटी ट्रेनर अंशुका परवानी का कहना है कि रोज सिर्फ 10 मिनट पैरों को दीवार पर टिकाकर लेटने से तनाव, सूजन, थकान और हार्मोनल असंतुलन कम होता है। महिलाओं के लिए इस आसान योगासन के कमाल के फायदे जानें।

बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपनी टोंड बॉडी और जवां निखार के लिए जानी जाती हैं। वह खुद को फिट रखने के लिए रोज योगासन करती हैं। यह बात तो लगभग सी जानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि विपरीतकरणी आसन भी बेबो के फिटनेस रूटीन का जरूरी हिस्सा है? जी हां, सिर्फ 10 मिनट तक बिस्तर पर लेटकर पैरों को दीवार से टिकाकर रखने वाला यह आसन बेबो के फिटनेस और यंग लुक का बड़ा राज माना जाता है। यह आसन दिखने में जितना आसान लगता है, इसके शरीर और दिमाग पर उतने ही कमाल के फायदे हैं। इसकी जानकारी हमें सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर अंशुका परवानी के



इंस्टाग्राम से मिली है। करीना के अलावा अंशुका परवानी आलिया भट्ट और कई सेलिब्रिटी को भी ट्रेन करती हैं।

फिटनेस कोच का कहना है कि यह योगासन हर महिला को अपने डेली रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। अपने पैरों को दीवार पर टिकाकर लेटना शरीर के कई हिस्सों में जमा तनाव तुरंत कम होता है और आप अंदर से हेल्दी और रिफ्रेश महसूस करती हैं। इस आसन आपको कई अद्भुत फायदे मिलते हैं।

### विपरीतकरणी आसन की विधि

इसे करने के लिए दीवार के पास शांत



जगह चुनें। योगा मैट बिछाएं। इस योगासन को आप बिस्तर पर भी कर सकती हैं। शरीर की पोजिशन सेट करें। घुटने मोड़कर दीवार के एकदम पास बैठें। धीरे-धीरे करवट लेकर लेटें। अब पैरों को दीवार पर ऊपर की ओर सीधा कर दें। आपकी कमर दीवार से लगभग 2-3 इंच दूर होनी चाहिए। पैरों को बिल्कुल सीधा रखें, पंजे ढीले छोड़ दें। हाथ शरीर के बगल में ढीले और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। आंखें बंद करें और नाक से गहरी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। पेट को रिलैक्स रखें। शुरुआत में 1-3 मिनट तक रहें। आदत हो जाए तो 10 मिनट तक करें। यही बेबो का रूटीन है। इसे सुबह उठते ही या रात सोने से पहले बिस्तर पर लेटकर भी किया जा सकता है।

### विपरीतकरणी आसन के फायदे

यह पेट की सूजन और ब्लोटिंग को कम करता है। लसीका तंत्र को तेज करता है, जिससे शरीर में मौजूद टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं। चिंता, तनाव और ज्यादा सोचने की समस्या कम होती है और मन तुरंत शांत होने लगता है। मसल्स का तनाव दूर करता है और शरीर रिलैक्स होता है। रात को गहरी और शांत नींद आती है। शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है, जिससे बीमारियां कम पकड़ती हैं। दिमाग को शांत करता है।

प्रोटीन तीन मुख्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से एक...

# प्रोटीन की कमी बन सकती है ओवर ईटिंग का कारण, वजन भी बढ़ सकता है आपका

शरीर में प्रोटीन का संतुलित प्रभाव रखता है आपकी सेहत को दुरुस्त



प्रोटीन एक ऐसा मैक्रो न्यूट्रिएंट्स है, जो शरीर के लिए बेहद ही जरूरी माना गया है। जब शरीर में इसकी कमी हो जाती है तो इससे ना केवल कई तरह के हेल्थ इश्यूज होते हैं, बल्कि इससे आप ओवरईटिंग करना भी शुरू कर देते हैं।

शरीर को सुचारू रूप से चलाने के लिए कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इन्हीं में से एक है प्रोटीन। प्रोटीन तीन मुख्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से एक है। जिसका अर्थ है कि शरीर को इसकी अधिक जरूरत होती है। हालांकि, अधिकतर लोग पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन नहीं लेते हैं। जिसके कारण उन्हें कई तरह की हेल्थ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन क्या आपको इस बात की जानकारी है कि प्रोटीन की कमी के चलते आप ओवरवेट भी हो सकते हैं, क्योंकि आप ओवरईटिंग करना शुरू कर देते हैं।

अधिकतर लोग इस बात से अनजान होते हैं कि ओवरईटिंग और प्रोटीन इनटेक का आपस में क्या कनेक्शन है या फिर प्रोटीन की कमी से लोग ओवरईटिंग क्यों करते हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी बता रही हैं कि प्रोटीन की कमी किस तरह से ओवरईटिंग की वजह बनती है-

### नहीं होती संतुष्टि

अगर आप प्रोटीन इनटेक कम लेते हैं तो इससे आपको वह तृप्ति या संतुष्टि का अहसास नहीं होता है। प्रोटीन को कार्बोहाइड्रेट या फैट की तुलना में अधिक तृप्ति देने वाला माना जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब आप प्रोटीन रिच फूड खाते हैं तो वे लेप्टिन और कोलेसीस्टोकिनिन जैसे हार्मोन को रिलीज करते हैं। जिससे आपके ब्रेन को यह संकेत मिलता है कि आपका पेट भर गया है। लेकिन जब आप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन नहीं लेते हैं तो इससे आपको वह संकेत सही ढंग से नहीं मिल पाता है और ऐसे में आप ओवरईटिंग कर सकते हैं।


### जल्दी लगती है भूख




प्रोटीन रिच फूड लेने का एक लाभ यह होता है कि वे शरीर में धीरे-धीरे टूटते हैं और इससे आपको लगातार एनर्जी मिलती रहती है। चूंकि प्रोटीन धीरे-धीरे टूटता है, इसलिए आप लंबे समय तक फुलर महसूस करते हैं और आपको जल्दी भूख नहीं लगती है। लेकिन जब आप प्रोटीन सही ढंग से नहीं लेते हैं तो आपको कुछ ही वक्त में दोबारा भूख लगने लगती है। ऐसे में आप आसानी से ओवर ईटिंग कर लेते हैं।

### होती है अनहेल्दी क्रेविंग्स

प्रोटीन की कमी के चलते आपको अनहेल्दी फूड आइटम्स के प्रति क्रेविंग्स भी हो सकती है। दरअसल, प्रोटीन रिच फूड खाने से आप अधिक सेटिस्फाई फील



करते हैं। ऐसे में आपका स्नैक्स या अनहेल्दी फूड आइटम्स खाने का मन कम ही करता है। लेकिन जब आपकी डाइट में प्रोटीन कम हो जाता है तो इससे आप हाई कैलोरी या फिर शुगर रिच फूड खाना शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं, आप इन फूड्स को अधिक मात्रा में खाते हैं।

### बढ़ जाती है भूख

प्रोटीन घ्रेलिन और लेप्टिन जैसे हंगर हार्मोन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। दरअसल, घ्रेलिन भूख को उत्तेजित करता है, जबकि लेप्टिन आपको फुलनेस का अहसास देता है। जब प्रोटीन का सेवन अपर्याप्त होता है, तो ऐसे घ्रेलिन का लेवल बढ़ सकता है, और लेप्टिन का लेवल कम हो जाता है। जिसके चलते आपको अधिक भूख लगती है और आप ना चाहते हुए भी ओवरईटिंग करना शुरू कर देते हैं।

## खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू की 166 रन से करारी हार

**रायपुर।** शहीद भाई तारुसिंग फाउंडेशन की ओर से आयोजित 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच देहली खालसा वारियर्स व चंडीगढ़ सिंग्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देहली की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। जिसमें सिंग देओल की 31 (19 गेंद) रनों की शानदार पारी रही जिसमें उन्होने 3 शानदार छक्के भी लगाए। उनके अलावा गंगासिंग ने 44, जसकरणवीर सिंग 29 व प्रभुप्रीत ने 27 रनों योगदान दिया। चंडीगढ़ सिंग्स की ओर से गुरबेज सिंग ने 38 रन देकर 3 विकेट व साहिब व एन एस लोचन ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी चंडीगढ़ सिंग्स के खिलाडि़यों ने प्रयास तो किया लक्ष्य तक पहुंचने का लेकिन इससे पहले 8 विकेट पर 158 रन ही बना पाए और 7 रनों से मैच खो बैठे। एन एस लोचम की अर्धशतकीय पारी 54 रन (41 गेंद) के अलावा जोरावर



सिंग ने 37 व मनिंदर ने 13 रनों की सहयोगी पारी खेली वहीं 24 एक्स्ट्रा रनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। लेकिन पारी 158 रन से आगे नहीं बढ़ पायी । देहली के जसकरणवीर सिंग की घातक गेंदबाजी से बल्लेबाजों को मुश्किल हुई उन्होने 4 ओवर में मात्र 12 रन देकर 5 विकेट लिए। इसलिए उन्हे प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके अलावा इंदरप्रीत लाडी ने 2 व सिंग देओल ने 1 विकेट लिए। दूसरे मैच में सिंग ए पंजाब पटियाला ने खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू को 166 रनों से करारी शिकस्त दी। पटियाला की ओर से इंदरप्रीत सिंग की तूफानी पारी 133 रन (52 गेंद) के सामने जम्मू के बालर असहाय नजर आ रहे थे जब उन्होने मैदान के चारो तरफ 14 चौके व 9 छक्कों की बौछार कर दी। उन्हे मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। कुमे अंबाला 31 रन, जसप्रीत 20 रन व जीवनजोत के 18 रन भी 233 (4 विकेट के नुकसान पर) रन के विशाल स्कोर में शामिल रहे। जम्मू के बालर औपचारिकता निभाते दिखे कवलप्रीत को 2,अमन व समान सिंग को 1-1 विकेट मिले। खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू ने आज बेहद ही खराब प्रदर्शन किया मात्र 67 रन में पूरी टीम आउट हो गई,स्थिति ये रही कि पांच खिलाड़ी तो शून्य पर ही आउट हो गए ।

## सोकर उठते ही सुनाई दे इन जीवों की आवाज तो खुलने वाली है आपकी किस्मत

हर जीव-जंतु की आवाज सुनाई देने के पीछे अलग-अलग संकेत होते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि अगर कोई व्यक्ति सुबह उठे और उसे उठते ही इन पशु-पक्षियों की आवाज सुनाई दे तो यह उस व्यक्ति के जीवन में आने वाले सुखद बदलावों का सूचक होता है।



अगर सुबह उठते बिस्तर गाय के रंभाने की आवाज सुनाई और विशेष रूप से ब्रह्म मुहूर्त में सुनाई दे तो इसका मतलब है कि आपको कोई शुभ समाचार जल्दी ही मिलने वाला है। अगर आपका कोई काम लंबे वक्त से अटका हुआ है तो आपको जल्दी ही उस काम के पूरे होने की खबर मिलेगी। कोयल का संबंध केतु ग्रह से है। कोयल की आवाज अगर आपको ब्रह्म मुहूर्त में या सूर्योदय के कुछ समय बाद ही सुनाई दे जाती है तो यह इस बाद का संकेत है कि केतु (केतु को मजबूत करने के उपाय) का दुष्प्रभाव आपक जीवन में कम हो रहा है और केतु ग्रह से आपको शुभनौकरी एवं व्यापार में शुभ परिणाम मिलने वाले हैं। यूं तो कौवे को पितरों का रूप माना जाता है और कौवे से मिलने वाले ज्यादातर संकेत अशुभ ही होते हैं लेकिन ब्रह्म मुहूर्त (ब्रह्म मुहूर्त का उपाय) में या सुबह उठते समय अगर पूर्व दिशा की ओर से कौवे की आवाज सुनाई दे तो इसका अर्थ है कि आपको धन लाभ होने वाला है। आपको कहीं से धन की प्राप्ति होगी।



## सिटिंग जॉब में खुद को एक्टिव रखने के लिए अपनाएं ये छोटे-छोटे टिप्स

सिटिंग जॉब में काम करते हुए खुद को हेल्दी और एक्टिव रखना काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाती हैं तो सिटिंग जॉब में भी आप खुद को एक्टिव रख सकती हैं।जो लोग ऑफिस में काम करते हैं, उन्हें अक्सर अपने शरीर में एनर्जी फील ही नहीं होती है।

दरअसल, उन्हें लंबे समय तक कुर्सी से चिपककर काम करना पड़ता है। जिसके कारण उनका लाइफस्टाइल उतना एक्टिव नहीं होता है। इतना ही नहीं, कई बार तो उन्हें लंच करने का भी मौका नहीं मिलता है। जिससे वे कुछ भी खा लेते हैं और इससे भी उनकी हेल्थ पर विपरीत असर पड़ता है।

यह देखने में आता है कि सिटिंग जॉब करने वाले अधिकतर लोग किसी ना किसी तरह की हेल्थ प्रोब्लम से जूझ रहे होते हैं। ऐसा उनकी इनएक्टिव लाइफ के कारण भी हो सकता है। हालांकि, उनकी हमेशा यही शिकायत होती है कि वे अपनी लाइफ को उतना एक्टिव नहीं रख पाते हैं।

तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रही हैं, जिनकी मदद से आप सिटिंग जॉब में भी खुद को एक्टिव रख पाएंगी-



### सही हो शुरुआत

कहते हैं कि अगर दिन की शुरुआत सही हो तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। इसलिए आप भी अपने दिन की शुरुआत किसी ना किसी तरह की फिजिकल एक्टिविटी से ही करें। जरूरी नहीं है कि आप जिम ज्वॉइन करें। आप वॉक पर जा सकते हैं, योगा कर सकते हैं या फिर फैमिली के साथ बैडमिंटन खेल सकते हैं। यह पूरी तरह आप पर है कि आपको क्या पसंद है। कोशिश करें कि आप दिन की एक एक्टिविटी ऐसी जरूर रखें, जिसमें आप फिजिकली इनवॉल्व हो सकें। हो सकता है कि शुरुआत में आपको कुछ दिन थकान का अहसास हो। लेकिन जल्द ही आपका शरीर इस बदलाव को स्वीकार कर लेगा और आप अधिक एक्टिव रहेंगे।

### खाएं घर का खाना

कई बार लोग जल्दबाजी में नाश्ता नहीं करते हैं और लंच भी नहीं लेकर जाते हैं। बाद में, वह ऑफिस कैंटीन से कुछ खा लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आप कभी भी खुद को एक्टिव फील नहीं कर सकते। हमेशा अपने मील पहले प्लॉन करें और उसकी तैयारी भी कर लें। अगले दिन आप घर का बना खाना ही ऑफिस लेकर जाएं। कोशिश करें कि आपके लंच में बैलेंस्ड मील हों। आप रोटी, सब्जी के साथ सलाद, दही आदि रखना ना भूलें। यह आपको सिटिंग जॉब के दौरान तरह-तरह की क्रेविंग्स से बचाता है।

### जंक फूड से बनाएं दूरी

अक्सर यह देखने में आता है कि ऑफिस में चाय के साथ लोग कई बार जंक या फ्राइड फूड खा लेते हैं। हल्की भूख के लिए इस तरह के ऑप्शन आपके शरीर को और भी थका हुआ महसूस करवाते हैं।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अवतारः फायर एंड एश' की रिलीज से पहले सामने आए ट्विटर रिव्यू

जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में आने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले ही दुनिया भर में इसके



प्रीमियर हो चुके हैं और ट्विटर पर फैंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हॉलीवुड स्टार जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ पेंडोरा में वापसी की दुनिया भर में प्रीमियर के बाद ट्विटर पर शुरुआती प्रतिक्रियाओं के साथ ही प्रशंसा मिल रही है। प्रशंसकों और आलोचकों ने सोशल मीडिया पर इसे साल की सबसे बड़ी सिनेमाई फिल्म बताया है। अवतार फ्रैंचाइजी के फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं आज एक्स पर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर कई फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे अच्छी अवतार फिल्म है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'दिल को छू लेने वाली कहानी, जबरदस्त एक्शन और इतने शानदार सींस कि विश्वास नहीं होता।' फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जेम्स कैमरून ने फिर साबित कर दिया कि बड़े पर्दे का असली मतलब क्या होता है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'यह फिल्म सिर्फ आईमैक्स 3 डी में देखनी चाहिए, वरना मजा अधूरा रह जाएगा।' इस बार फिल्म में नई खलनायिका (ऊना चैपलिन) हैं। इनका रोल लोग बहुत पसंद कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह साल की सबसे खतरनाक और शानदार विलेन हैं।

इस फिल्म में कई एक्शन सीन्स हैं, जो काफी मजेदार ढंग से फिल्माए गए हैं। इन एक्शन सीन्स को लेकर फैंस की राय है कि ये एक्शन सीन्स दिमाग उड़ा देने वाले हैं और यह फिल्म सबसे शानदार फिल्म है। कुल मिलाकर फैंस का कहना है कि यह फिल्म भावनाओं, एक्शन और खूबसूरत सीन्स का परफेक्ट मिश्रण है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में 19 दिसंबर को अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी रिलीज होगी। फैंस का मानना है कि पेंडोरा की दुनिया में ये सबसे धमाकेदार वापसी है।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत जिसमें खुश हों..वही फिल्म बनाऊंगा : प्रोड्यूसर कमल हासन

बीते दिनों आगामी फिल्म 'थलाइवर 173' के निर्देशन की जिम्मेदारी संभाल रहे सुंदर सी ने फिल्म को बीच में ही छोड़ने का फैसला लिया था। अब



फिल्म के निर्माता कमल हासन ने इसपर बड़ी जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि रजनीकांत के साथ यह प्रोजेक्ट आगे भी जारी रहेगा। फिल्म 'थलाइवर 173' के निर्माता कमल हासन ने कहा, 'सुंदर सी ने फिल्म से हटने का कारण पहले ही स्पष्ट कर दिया है। मुझे इसमें और कुछ नहीं कहना है।' आगे उन्होंने बोला- 'मैं एक निर्माता हूं, इसलिए मुझे ऐसी फिल्म बनानी है जो मेरे सुपरस्टार रजनीकांत को संतुष्ट करे। हम तब तक स्क्रिप्ट सुनते रहेंगे जब तक वह उन्हें संतुष्ट नहीं कर देती। हम फिल्म के लिए एक और कहानी खोज रहे हैं जिस पर हम अभिनेता के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं।'

सुंदर सी ने अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के नाम एक नोट लिखा था। इसमें उन्होंने लिखा था कि किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उन्हें फिल्म 'थलाइवर 173' से पीछे हटने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। फिल्म 'थलाइवर 173' का निर्माण राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म में सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन दोनों की अदाकारी का रंग जमेगा। यह फिल्म साल 2027 में पोंगल के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### भोजपुरी

## 'मोर मया ल तैं नई जाने' फ्लोर पर आएगी अगले माह

अमन मूव्हीज़ मार्क एवं श्री आदया एंटरटेनमेंट के बैनर तले एक नई छत्तीसगढ़ी फिल्म "मोर मया ल तैं नई जाने" के निर्माण का आधिकारिक ऐलान किया



गया है। फिल्म के निर्माता अलक राय एवं मंजुल ठाकुर हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी भोजपुरी फिल्मों के सुपरहिट निर्देशक मंजुल ठाकुर संभालेंगे। फिल्म की कहानी, पटकथा, संवाद तथा गीत-संगीत की कमान छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध संगीतकार-लेखक जोड़ी प्रेम चन्द्राकर और भूपेन्द्र साहू के हाथों में होगी। टीम के अनुसार फिल्म का शूट जनवरी 2026 से शुरू किया जाएगा। एक औपचारिक बैठक में इस फिल्म के निर्माण की घोषणा की गई। बैठक में निर्माता अलक राय, निर्देशक मंजुल ठाकुर, तथा संगीतकार जोड़ी प्रेम चन्द्राकर–भूपेन्द्र साहू मौजूद रहे। फिल्म में मुख्य कलाकार के रूप में मन कुरैशी, दीक्षा जैस्वाल और इशिका यादव नजर आएँगे।

लाइफ स्टाइल



### मेन्सवियर का भविष्य

फैरेल विलियम्स का लुई वुइटन कलेक्शन मेन्सवियर का भविष्य है। न्यूयार्क के शो में इसके स्पिरिचुअल आर्किटेक्चर को आगे बढ़ाते हुए, फैरेल ने लुइस विटॉन स्प्रिंग-समर 2026 कलेक्शन को भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी श्रद्धा के साथ पेश किया है। 2018 में भारत की अपनी पहली यात्रा से प्रेरणा लेते हुए, उन्होंने पारंपरिक मोटिफ्स को एक कंटेंपररी डिज़ाइन लैंग्वेज में पिरोया, ऐसे कपड़े बनाए जो बिना किसी दिखावे के आदरांजलि देते थे।

-

## फुटवियर्स स्टाइलिंग रूल्स को फॉलो करें

शूज अधिकतर लोग पहनना पसंद करते हैं। क्योंकि जूते फैशनेबल बनाने का काम करते हैं। मगर आपको शूज में परफेक्ट लुक पाने के लिए उनको सही तरीके से पहनना होगा। इसके लिए फुटवियर्स स्टाइलिंग रूल्स बनाए गए हैं जिनको फॉलो करने से बात बन जाएगी। इसलिए हम आपके लिए कुछ फुटवियर्स स्टाइलिंग रूल्स यहां बताने जा रहे हैं-

### शूज की क्वालिटी को न करें नजरअंदाज

यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि जूते पहनना कितना महत्वपूर्ण है। ये हमारे पैरों के लिए जरूरी हैं। स्नीकर्स, लोफर्स, ऑक्सफोर्ड या हो किसी भी स्टाइल के शूज उसकी गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करें। आप जूते चुनते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि कैसे शूज चुन रहे हैं। अगर आप क्वालिटी शूज पर पैसे खर्च करेंगे तो वे शूज लंबे समय तक टिकेंगे और देखने में भी सही लगेंगे। हमेशा एक बात याद रखें- क्वालिटी शूज पर पैसा निवेश करना फायदे का सौदा होता है। इस बात को जान लें। जैसे- कई लोग दाम देखकर शूज खरीदते हैं। उस वक्त वे शूज के मैटेरियल्स व अन्य बात को भूल जाते हैं, उन्हें सिर्फ और सिर्फ प्राइज दिखते हैं। इस चक्कर में उनके सस्ते शूज पैरों की त्वचा को खराब करने के साथ-साथ जल्दी फट या कट जाते हैं। जबकि, सही क्वालिटी के जूते खरीदने पर लंबे समय तक चलते हैं।

### अलग-अलग स्टाइल के शूज रखें

अगर जूते के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं तो अलग-




अलग स्टाइल के शूज अपने वार्डरोब में रखें। क्योंकि किसी भी शूज को किसी भी ड्रेस के साथ नहीं पहन सकते हैं। इसके लिए शूज मैचिंग टिप्स जानें। इसलिए कुछ अलग-अलग शूज जरूर रखें।


### लोफर्स, स्नीकर्स , फॉर्मल शूज

आपको कम से कम ऐसे तीन प्रकार के जूते अपने लिए खरीद लेने चाहिए। इसके साथ ही इस बात को ध्यान रखें कि कैसे शूज को किस तरह की ड्रेस के साथ पहनना है। अगर आपने जूते अच्छे खरीद लिए और मैचिंग के साथ पहन लिए तब बारी आती है- बॉटम वियर को नीचे से फोल्ड करने की।

## सर्दियों में स्वेटर में सबसे अलग और क्लासी दिखने अपनाएं ऐसे स्टाइल







सर्दी का मौसम चल रहा है। ऐसे में हर कोई इस कपकपाती ठंड से बचने के लिए स्वेटर या जैकेट पहन रहा है। वहीं, इन दिनों शादियों का भी सीजन है और ऊपर से क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टी भी आने वाली है। ऐसे में लड़के तो फिर भी जैकेट, ब्लेजर, कोट आदि पहनकर खुद को ठंड से बचा लेते हैं, और इससे उनके लुक पर भी कोई असर नहीं पड़ता है। पर लड़कियों के लिए दिक्कत ये होती है कि अगर वो स्वेटर पहनें तो फिर उनके लुक का क्या होगा? पर आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अगर आप चाहें तो कुछ बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तरह स्वेटर कैरी कर सकती हैं, जिससे आपका लुक भी नहीं खराब होगा और आपको एक क्लासी लुक मिल सकता है। तो चलिए जानते हैं। इन अभिनेत्रियों के स्वेटर लुक को कर सकती हैं फॉलोः-

### कटरीना कैफ

आपकी शादी हो गई है और आप चाहती हैं कि आप अभी पहले जैसे ही लुक को कैरी करें और एकदम क्लासी दिखें। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह इस स्वेटर को कैरी कर सकती हैं। इस लुक में वे बेहद प्यारी लग रही हैं।

### कृति सेनन

आप चाहें तो खुद को क्लासी दिखाने के लिए डार्क रंग का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री की तरह आप डार्क ओरेंज रंग का स्वेटर पहन सकती हैं। आप इसे किसी पार्टी में भी कैरी कर सकती हैं, जिसमें आपका लुक काफी अच्छा लग सकता है।

### अनन्या पांडे

इस बार सर्दी के मौसम में आप बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे जैसा सफेद रंग का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ये आपको क्लासी लुक दे सकता है। अनन्या इस फोटो में बेहद प्यार लग रही हैं और इसमें उनकी मदद उनका ये स्वेटर भी कर रहा है।

### परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की तरह स्वेटर कैरी कर सकती हैं और उनके इस लुक को कॉपी कर सकती हैं। सर्दी में ठंड से बचने में और आपको एक खास लुक देने का काम ये स्वेटर कर सकता है।

## चुटकियों में साफ हो जाएगा गर्दन का कालापन, घर बैठे करें ये उपाय

अगर आपकी गर्दन काली नजर आ रही है तो इसे साफ करने के लिए आप शहद और नींबू का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए पहले आपको नींबू का रस एक कटोरी में निकालना होगा। इसमें शहद मिलाना है। फिर इसे उंगलियों की मदद से गर्दन पर लगाना है। इसे कम से कम 15 मिनट तक गर्दन पर लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से अपनी गर्दन को साफ कर लें। इससे आपकी गर्दन का कालापन चुटकियों में कम हो जाएगा। टैनिंग हटाने के लिए अक्सर हल्दी का इस्तेमाल अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। लेकिन आप इसका इस्तेमाल गर्दन के कालेपन (गर्दन को साफ करने के तरीके) को हटाने के लिए भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक कटोरी में 1 चम्मच हल्दी और 1/3 कप दूध मिक्स करना है। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिलाना है। फिर इसे अपनी गर्दन पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल के आपकी गर्दन हफ्ते भर में साफ हो जाएगी। आप चाहे तो गर्दन को साफ करने के लिए पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल भी कर सकती है। इसके लिए आपको पुदीने



की पत्तियों (टैनिंग के घरेलू उपाय) को पीसकर पेस्ट बनाना होगा। फिर इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करना होगा। अब इसे अपनी गर्दन पर अप्लाई करना होगा। फिर 20 मिनट के लिए सूखने देना होगा। इसके इस्तेमाल से आपकी गर्दन का कालापन साफ हो जाएगा।

इन तरीकों को ट्राई करके आप अपनी गर्दन का कालापन कुछ ही दिनों में कम कर सकती हैं। इसके अलावा आप अन्य चीजों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं जिससे गर्दन साफ दिखाई देगी।

## डोरी वाले ब्लाउज खूब जंचेंगे आप पर

अगर आप भी अपनी साड़ी के साथ स्टाइलिश डोरी ब्लाउज डिजाइन कैरी करना चाहती हैं और उसके नए डिजाइंस तलाश रही हैं, तो आपको एक बार हमारे द्वारा दिखाए गए डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए। आपको बता दें कि बहुत सारे ऐसे ब्रांड्स हैं और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं, जो आपको ब्लाउज के नए डिजाइंस के बारे में जानकारी देते हैं। इनके सोशल अकाउंट्स से भी आप इन डिजाइंस के विकल्पों को देख सकती हैं और रीक्रिएट भी करा सकती हैं।

### डीप ब्लैकलेस डोरी ब्लाउज

इस तस्वीर में आप देख रही होंगी कि मॉडल ने डीप ब्लैकलेस डोरी ब्लाउज कैरी किया हुआ। यह ब्लाउज डिजाइन आप भी अपने लिए रीक्रिएट करा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज डिजाइन के लिए आपको वेलवेट या फिर कोई ऐसा फैब्रिक चुनना चाहिए, जो स्ट्रेचेबल भी हो और बदन चिपक भी जाए। इस ब्लाउज में नेकलाइन में भी डोरी स्टाइल दिया गया है डीप बैक में भी डोरी से ही ब्लाउज को बांधा गया है। इस तरह का ब्लाउज आप नाइट पार्ट में कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ जब आप साड़ी का चुनाव करें तब भी सावधान रहें। सिल्क, ऑर्गेंजा या फिर टिशू की साड़ी के साथ इस तरह के ब्लाउज अच्छे नहीं लगेंगे।



कार्नर न्यूज

### अधूरे विंटर फैशन को कहें बाय-बाय

## इस मौसम में बदलिए पहनावा, कंप्लीट लुक के लिए सिर्फ स्वेटर- जैकेट नहीं इन्हें भी आजमाएं

सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है।

इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशन को अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।

दरअसल, हम एक ही चीज को अधिकतर बार देखते और उसको ही पहनते हैं। इसी वजह से हम उससे बाहर नहीं निकल पाते। इसलिए सर्दी में बस हमारा फैशन स्वेटर, जैकेट, मफलर तक ही सिमटकर रह जाता है। जबकि हमारे पास एक नहीं कई विकल्प हैं। इन निम्नलिखित चीजों को आप अपने स्वेटर व अन्य विंटर ड्रेस के साथ



भी पहनकर क्लासी और फंकी लुक पा सकते हैं। कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

### हूडेड श्रग

सर्दी के मौसम में लेयरिंग करना जरूरी होता है। इस मौसम में लेयरिंग करने से सर्दी से राहत मिलने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी मिलता है। लेकिन जैकेट के साथ लेयरिंग करने से बेहतर होगा हूडेड श्रग के साथ करें। ये आपके लुक में थोड़ा नयापन लाएगा।

यदि आपने दोस्तों के साथ पार्टी करने का प्लान किया है तो ऐसे में हूडेड श्रग को पहनकर जाएं। इससे बेहतरीन कैजुअल लुक मिलेगा। ठंड के मौसम में कैजुअल लुक पाने के लिए यह सबसे आसान और बेस्ट है।

### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

ट्रेंच कोट

सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे। अगर आप केवल सिंपल कोट, जैकेट, ब्लेजर आदि पहनते हैं तो फिर एक बार ट्रेंच कोट को विंटर वार्डरोब में शामिल करें।

